卐 श्री सद्गुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 1 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦7 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा

टिहरी (उद संवाददाता)। जिले के नरेंद्र नगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुरू हो गयी है, जिसमें उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की यह 24वीं बैठक है। बैठक में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के अलावा इन चारों राज्यों के दो-दो मंत्री और केंद्र और (शेष पृष्ठ सात पर)





## टाटा सूमो खाई में गिरने से एक की मौत, दो घायल

चमोली(उद संवाददाता)। हेलंग उर्गम मोटर मार्ग पर टाटा सूमो खाई में गिरने से एक की मौत हो गयी जबकि दो लोग घायल हैं। सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुँची पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। घटना देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह थाना चमोली को सूचना मिली कि रिवर व्यू होटल क्षेत्रपाल के पास एक एक वाहन खाई में गिर गया है। इस सूचना पर कोतवाली चमोली से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। वहां पर एक टाटा सूमो खाई में गिर गयी थी। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दो लोग घायल हो गये। (शेष पृष्ठ सात पर)



## 30 लाख की अफीम के साथ दो तस्कर दबोचे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर थाना पुलिस ने नशा तस्करों के विरूद्ध बढ़ी कार्रवाई करते हुए चैकिंग के दौरान एक वाहन से करीब 30 लाख रूपये कीमत की अवैध अफीम के साथ दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि सीओ बाजपुर भूपेन्द्र सिंह भंडारी के नेतृत्व में थानाध्यक्ष गदरपुर के साथ पुलिस टीम द्वारा गत सांय नवाबगंज रोड पर चेकिंग के दौरान एक वाहन संख्या यूके 06 बीएफ 1900 को रोककर चैक किया गया। ड्राइविंग सीट पर बैठे व्यक्ति व बगल वाली सीट पर बैठे व्यक्तियो को वाहन से उतारवाकर नाम पता पूछा तोण्क ने गुरबाज सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह बताया इसके पास से तलाशी में कुल 21500 रूपये नकद व 02 मोबाईल फोन बरामद हुए व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम सरबजीत सिंह उर्फ हनी पुत्र पलविन्दर बताया। तलाशी में इसके पास से 300 रुपये नकद बरामद हुए। एसएसपी ने बताया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन कार की डिक्की से 3.002 किग्रा. अवैध अफीम व एक इलैक्ट्रोनिक तराजू बरामद हुआ। बरामदा अफीम की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग तीस (शेष पृष्ठ सात पर)



## ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर महिला की मौत,पति गंभीर

काशीपुर(उद संवाददाता)। ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर महिला की मौत हो गयी। महिला के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने उनसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना के वक्त मृतका पति के साथ स्कूटी पर सवार होकर सत्संग से वापस घर लौट रही थी। घटना के बाद अज्ञात लोगों ने ट्रैक्टर में आग लगा दी। जानकारी के अनुसार बांसखेड़ी थाना केलाखेड़ा निवासी धर्म सिंह शर्मा की 55 वर्षीय पत्नी निर्मला देवी शुक्रवार को जनपद रामपुर के तहसील स्वार में आयोजित सत्संग में भाग लेने के बाद पति के साथ स्कूटी पर सवार होकर वापस घर लौट रही थी इसी दौरान दोपहर बाद थाना केलाखेड़ा क्षेत्र में रामपुर गाजी के समीप परली से ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली संख्या यूपी 04 बी/1696 कि चालक नाम पता अज्ञात ने स्कूटी में टक्कर मार कर महिला को मौत के घाट उतार दिया। रोड एक्सीडेंट की इस घटना में मृतका के पति को भी गंभीर चोटें आई। घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल के समीप लावारिस हालत में खड़ी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर उसे चौकी के सामने खड़ा कर दिया। बताते हैं कि (शेष पृष्ठ सात पर)

### डंपर से कुचलकर वृद्ध की मौत

काशीपुर। बाजपुर में मौत बनकर फर्राटा भर रहे एक डंपर ने मजदूर को कुचलकर मौत की घाट उतार दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक पहाड़ी कॉलोनी बाजपुर निवासी एवं प्रकाश 60 वर्ष पुत्र तोताराम शुक्रवार की शाम साइकिल पर चारा काट कर वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान मार्ग में अनियंत्रित डंपर की चालक ने तेजी व लापरवाही से साइकिल में टक्कर मार कर वृद्ध को मौत के घाट उतार दिया। मृतक के दो पुत्र व चार पुत्रियां हैं। उसके एक पुत्री की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। उसका एक पुत्र अविवाहित है बाकी सभी बच्चों की शादी हो चुकी है।

## बनभूलपुरा में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि बनभूलपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बर्थ डे का केक लेने आए युवकों से हुए विवाद पर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे और ईंट पत्थर के साथ खूनी संघर्ष छिड़ गया। जिसमें कुछ लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से मामले को शांत कराया। बवाल होने की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर एसपी सिटी हरबंस सिंह और सीओ सिटी भूपेंद्र सिंह धोनी ने पहुंचकर मामले (शेष पृष्ठ सात पर)



## सर्विस ट्रिब्युनल ने निरस्त किये एसएसपी और आईजी के आदेश

**जंगली जानवर का पकड़ा गया मांस व अपराधी छोड़ने का आरोप लगाकर किया गया था कांस्टेबल को दण्डित, कांस्टेबल के विरूद्ध एएसपी,सीओ काशीपुर की जांच को भी माना द्वेष पूर्ण व गलत**

काशीपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में सरकारी कर्मचारी अधिकारियों के सेवा सम्बन्धी मामलों का निर्णय करने वाले विशेष न्यायालय (ट्रिब्युनल) की नैनीताल पीठ ने एस.एस.पी. उधमसिंह नगर तथा आई.जी कुमाऊं नैनीताल के पुलिस कांस्टेबिल विनोद खाती के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही में किये गये दण्ड आदेशों को निरस्त कर दिया। ट्रिब्युनल वाइस चेयरमैन (ज्यूडिशियल) राजेन्द्र सिंह की बेंच ने कांस्टेबिल विनोद खाती की याचिका पर एस.एस.पी. के आदेश को सहायक पुलिस अधीक्षक/ पुलिस क्षेत्राधिकारी काशीपुर की द्वेष पूर्ण व गलत जांच पर आधारित तथा विधिविरूद्ध मानते हुये तथा आई.जी. के अपील आदेश को विवेक के इस्तेमाल किये बिना मानते हुये निरस्त किया है। उधमसिंह नगर में तैनात कांस्टेबिल विनोद खाती की ओर से अधिवक्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने उत्तराखंड लोक सेवा अधिकरण की नैनीताल पीठ में याचिका संख्या 18 सन 2023 दायर की थी। इसमें कहा गया था कि जब 2020 में वह पुलिस चौकी पतरामपुर थाना जसपुर में तैनात था तो दिनांक 07-09-2020 को गुरदीप सिंह के घर जंगली जानवर का मांस होने की सूचना मिलने पर याची द्वारा अपने कर्तव्यों का पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता से पालन करते हुये उसके घर दबिश दी गयी परन्तु कोई वस्तु बरामद न होने पर इसकी सूचना उच्च अधिकारी को दी गयी। इस प्रकरण में प्रारंभिक जांच सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी (शेष पृष्ठ सात पर)

## दरोगा सहित पांच पुलिस कर्मी निलंबित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने काशीपुर के थाना आईटीआई के नाईट अफसर एसआई प्रकाश विश्वकर्मा, चालक प्रकाश, हमराह जगदीश पाठक, ललित कुमार,भरत बिष्ट को ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर निलंबित की कार्रवाई की गई। साथ ही चेतावनी दी है कि ड्यूटी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बता दें एसपी काशीपुर अभय (शेष पृष्ठ सात पर)

## टोल प्लाजा मैनेजर की शर्मनाक हरकत से आक्रोश

**सहकर्मी पर अय्याशी के लिए समीप गांव की औरत को उठाने का बना रहा था दबाव**

काशीपुर(उधम सिंह नगर)। कुंडा थाना क्षेत्र में स्थित टोल प्लाजा पर कार्यरत प्रबंधक की शर्मनाक कारगुजारी को लेकर समीप के गांव हलदुआ साहू के ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया है। टोल प्लाजा प्रबंधक पर आरोप है कि उसने अपने एक मातहत कर्मचारी से मोबाइल फोन पर अय्याशी के लिए गांव से किसी भी महिला को उठाने के फरमान जारी किए। कर्मचारी ने जब ऐसा करने से मना कर दिया तो उसे नौकरी से निकाल दिया गया। मोबाइल में की गई रिकॉर्डिंग के साथ ग्रामीणों ने मामले की तहरीर शिवराजपुर पट्टी चौकी पुलिस को देते हुए आरोपी टोल प्लाजा प्रबंधक के खिलाफ सख्त (शेष पृष्ठ सात पर)



### इज्जत की खातिर महिलाओं ने छोड़ दी नौकरी

काशीपुर। टोल प्लाजा मैनेजर के गतिविधियों तथा उसके बर्ताव की जानकारी ग्रामीणों को होने पर उन्हें भारी आक्रोश पैदा हो गया। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के साथ शिवराजपुर पट्टी पुलिस चौकी पहुंचकर मामले की लिखित तहरीर पुलिस को दी। बताया कि गांव की बहन बेटियों पर गंदी निगाह रखने वाले टोल प्लाजा मैनेजर पिछले काफी समय से गांव की बहन बेटियों पर बुरी निगाह रख रहा है। आप है कि टोल प्लाजा मैनेजर कि इस हरकत के कारण गांव की महिलाओं ने उसे और जाना छोड़ (शेष पृष्ठ सात पर)

## आपसी विवाद में बीच बचाव को आये वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या

**चार लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज**

किच्छा(उद संवाददाता)। आपसी विवाद में बीच बचाव के लिए आये एक वृद्ध की कुछ लोगों ने निर्ममता पूर्वक पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। घटना की प्राथमिकी थाने में दर्ज कराई गई है।जिसमें चार लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करने के साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं। जानकारी के अनुसार मृतक के पुत्र अनेक कुरैशी ने थाने में दी गई तहरीर में कहां है कि उसके पिता की 70 वर्षीय रफीक की लइक उर्फ फूंदन पुत्र चिम्मा ,फुरकान पुत्र लइक, अनम पुत्र अकरम निवासी गण वार्ड नंबर 18सिरौली व असलम पुत्र लतीफ निवासी जहानाबाद पीलीभीत ने एक राय होकर निर्ममता पूर्वक भारी हथियारों से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी नामजद लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आपसी विवाद में रफीक बीच बचाव के लिए गये थे जिसके चलते आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एसएसपी मीणा ने बहुउद्देशीय भवन का निरीक्षण कर दिए निर्देश

## डायल 112 सिस्टम में प्राप्त सूचनाओं का रिस्पॉन्श टाइम चैक किया, सीसीटीवी कैमरों को मॉडिफाई करने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा मीणा ने बहुउद्देशीय भवन का निरीक्षण कर अधीनस्थ अधिकारियों को कई निर्देश दिए। उन्होंने यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने हेतु पुलिस की तीसरी आॅख सीसीटीवी कैमरों को और मॉडिफाई करने का प्लान भी बनाया।श्री मीणा ने बहुउद्देशीय भवन में स्थित एसपी सिटी, एसपी क्राइम, सीओ कार्यालय, वाचक, अभिसूचना, ऑपरेशन, पीआरओ शाखा, सिंगल विण्डो, शिकायत प्रकोष्ठ, मोबाईल एप, मोनेटरिंग सैल, साईबर सैल, सिटी कन्ट्रोल रूम, एंटी ह्यूमन, सीसीटीवी मॉनिटर कक्ष, डायल 112 आदि कार्यालयों का भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न शाखाओं में तैनात अधिकरी कर्मचारियों द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों की जानकारी करते हुए रजिस्टरों में डाटा एन्ट्री का निरीक्षण कर कार्यालय अभिलेखों का सही ढंग से रख रखाव, अद्यतन करने तथा कार्यालयों के उपकरणों की साफ-सफाई, तथा के रख-रखाव का विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। बहुउद्देशीय भवन में बने महिला एवं पुरूष शौचालयों के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बहुउद्देशीय भवन हेतु एक सफाई कर्मचारी नियुक्त करने एवं एक कर्मचारी को साफ-सफाई की देखरेख हेतु डे-हवालात प्रभारी को निर्देशित किया।यातायात कार्यालय के भ्रमण के दौरान ट्रैफिक आई एप में प्राप्त ऑन लाईन



शिकायतों का जायजा लिया तथा चालान जमा हेतु आने वाले सभी आम जनमानस से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने हेतु कहा।साईबर सैल शाखा के कार्यो की जानकारी लेते हुए ऑनलाइन फ्रॉड से सम्बन्धित शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त महिला समाधान केन्द्र का भ्रमण कर पारिवारिक मामलों में गहनता से काउन्सलिंग कर प्रकरणों को अनावश्यक लम्बित न रखने एवं आगन्तुकों बच्चों हेतु प्रतिदिन दैनिक अखबार एवं मासिक बुक रखने हेतु महिला समाधान केन्द्र के प्रभारी निर्देशित किया। कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल रूम का भ्रमण कर शहर में लगे सीसीटीवी की मॉनिटरिंग करते हुए उन्होंने प्रभारी को निर्देशित किया कि शहर में यातायात प्रभावित होने की स्थिति पर सूचना सम्बन्धित प्रभारी को दे तथा शहर में कोई भी अप्रिय घटना होने पर सबसे पहले मोबाईल डाटा टर्मिनल के अनुसार नजदीगी पैट्रोल कार को भेजा जाय जिसमें थाना क्षेत्र की बाध्ययता न हो। एसएसपी श्री मीणा ने डायल 112 सिस्टम में प्राप्त सूचनाओं का रिस्पॉन्श टाइम चौक किया तथा डायल 112 सिस्टम के तहत चल रहे पैटोल कार को भीमताल रोड में मूव कराकर लाईव लोकेशन भी सिस्टम में चौक किया। सभी पैटोल कारों की लोकेशन सही पाई गयी। इस दौरान भूपेन्द्र सिंह धोनी सीओ सिटी हल्द्वानी, नितिन लोहनी सीओ ऑपरेशन/भवाली, संजीव तिवारी निरीक्षक अभिसूचना, चन्द्रशेखर भट्ट आशुलिपिक व.पु.अ. नैनीताल, दान सिंह मेहता वाचक व. पु.अ. नैनीताल, हेमा ऐठानी सहायक पीआरओ आदि उपस्थित रहे।

# देवभूमि फाउंडेशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

किच्छा(उद संवाददाता)।देवभूमि फाउंडेशन टीम द्वारा महिंद्रा CIE कंपनी में एक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसका उदघाटन के एल एम शुक्ला द्वारा किया गया जिसमें 50 से अधिक रक्तदाताओं ने पहुंच कर रक्तदान किया। इस कैंप के माध्यम से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं वर्तमान में चल रही महामारी डेंगू के लिए शिविर लगाया गया जिसमे टीम से ज्ञानेश मिश्रा अध्यक्ष दिलजीत सिंह(संरक्षक)रमन शर्मा महेश कुमार मुकेश राठौर अंकित सिंह जसप्रीत सिंह(जागो फाउंडेशन) सुनील कुमार, डी एन भट्ट संजीव वर्मा विपुल खन्ना अनिल अमित हाड़ा





जगदीप नेगी राकेश त्रिपाठी ,सी पी सिंह अरुण धवल जोशी विनोद कुमार अर्जुन सिंह भीम सेन शामिल रहे। जबकि पंतनगर मे भी देवभूमि फाउंडेशन टीम ने रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसका उदघाटन पंतनगर के प्लांट हेड प्रदीप बारिक द्वारा किया गया जिसमें 50 से अधिक रक्तदाताओं ने पहुंच कर रक्तदान किया। टीम से ज्ञानेश मिश्रा अध्यक्ष दिलजीत सिंह(संरक्षक)रमन शर्मा महेश कुमार मुकेश राठौर अंकित सिंह जसप्रीत सिंह(जागो फाउंडेशन) सुनील कुमार ,त्रिभुवन, राजकुमार गुप्ता अभिषेक त्रिपाठी नरेश पुरोहित हरीश दीपक सिंह प्रकाश कार्की अनुज कुमार रजत शामिल रहे।

# खस्ताहाल मार्गों के निर्माण के लिए कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह ने सड़क एवं परिवहन मंत्रालय से लगायी गुहार

## बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा को जाने वाले मार्ग एवं गदरपुर से दिनेशपुर और मटकोटा मार्ग के जल्द सुधरेंगे हालत

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह ने ध न- धन बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा साहब, पछियापुर के दर्शनों हेतु सर्वाधिक उपयोग में आने वाला महतोष मनुनगर मार्ग तथा गदरपुर - दिनेशपुर- मटकोटा मार्ग के नवनिर्माण और चौड़ीकरण को लेकर सड़क एवं परिवहन मंत्रालय भारत सरकार के एडिशनल सेक्रेटरी से मुलाकात की। शनिवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सव राजेंद्र पाल सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पछियापुर में स्थित बाबा दीप सिंह के गुरुद्वारा साहिब को जाने वाला मार्ग बेहद जर्जर और जीण शीण हालत में हैं जिसके कारण लाखों की संख्या में गुरुद्वारा साहिब के दर्शनों को आने वाली साध संगत को तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसके अलावा गदरपुर से दिनेशपुर और मटकोटा को जोड़ने वाला मार्ग भी बेहद खस्ताहाल में है। जिससे आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और आने जाने वाले राहगीरों के अलावा स्कूली बच्चों को भी तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़



रहा है। उन्होंने कहा कि ष्केंद्रीय सड़क अवस्थापना निधिष योजना अंतर्गत चौड़ीकरण / पुनर्निर्माण का प्रस्ताव काफी समय से भारत सरकार में लंबित है। जिसको लेकर परिवहन भवन नई दिल्ली में एडिशनल सेक्रेटरी, सड़क एवं परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार से मुलाकात कर उन्हें गुरुद्वारा साहब के दर्शनों के लिए लाखों की संख्या में जाने वाली संगत को जर्जर हालत सड़क के कारण हो रही कठिनाई से अवगत कराया एवं उपरोक्त सड़कों का निर्माण अति शीघ्र करवाने के लिए अनुरोध किया गया।

# विधायक ने चौपाल लगाकर सुनी जनसमस्याएं

## विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में किया पैदल भ्रमण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने क्षेत्रीय भ्रमण कार्यक्रम के निमित वार्ड नं 8 ट्रांजिंट क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर स्थानीय कार्यकर्ताओं व क्षेत्र की जनता से मुलाकात की। इससे पहले कैम्प क्षेत्र में पहुचने पर विध ायक शिव अरोरा का फूलमालाओं व ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत हुआ तो वही विध ायक शिव अरोरा ने लोगो से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना जिसमे मुख्यत: घरों की छतों के ऊपर से जाने वाली बिजली की लाइन पेय जल कनेक्शन में आ समस्या के संदर्भ में सम्बंधित अधिकारी से विध ायक द्वारा दूरभाष के माध्यम से वार्ता की गई और शीघ्र अति शीघ लंबित कार्यो को पूर्ण करने को कहा। विधायक अरोरा ने भ्रमण के दौरान चल रहे विकास कार्यो का भी जायजा लिया औश्र होने वाले नये कार्यो को लेकर भी जनता को आश्वस्त किया कि आने वाले समय मे इन कार्यो को भी अस्तित्व में लाया जायेगा। बता दें विधायक शिव अरोरा ने क्षेत्र भ्रमण का अभियान चलाया है जिसके तहत वह जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं जिसके तहत शनिवार को वार्ड 8 का भ्रमण किया और लोगो से रूबरू होकर उनका हाल चाल जाना और समस्याओं को सुन समाधान हेतु आश्वासन किया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, पार्षद शिवकुमार गंगवार ,मदन दिवाकर, आदेश भरद्वाज,



भूपराम लोधी, कविता सागर, विजय डे, डी के गंगवार, विकास सागर, सुनील सागर, जी के शर्मा, विद्या सागर, दीपक दिवाकर, बॉबी गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

# जैसे ही हमें मसौदा मिलेगा, हम प्रक्रियाओं का पालन करेंगे

## सीएम धामी ने दिये संकेत: उत्तराखंड सरकार को यूसीसी की विशेषज्ञ समिति सौंपेगी ड्राफ्ट रिपोर्ट यूसीसी में बहुविवाह ,लिव इन रिलेशन ,महिलाओं, बच्चें व जनसंख्या नियंत्रण पर बनेंगे नये प्रावधान

देहरादून। उत्तराखंड सरकार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की ड्राफ्ट रिपोर्ट एक महीने के भीतर सौंपी जा सकती है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में ड्राफ्ट रिपोर्ट बनाने के लिए गठित विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में यूसीसी से जुड़े सभी प्रमुख पहलुओं पर चर्चा हो चुकी है नई दिल्ली से लौटे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी यूसीसी रिपोर्ट जल्द सौंपे जाने के संकेत दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, बुधवार को मुख्यमंत्री धामी ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात में यूसीसी पर भी चर्चा हुई। इसके बाद यूसीसी की विशेषज्ञ समिति के सदस्य भी शाह से मिले। समिति की अध्यक्ष जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई (सेनि) ने शाह को ड्राफ्ट रिपोर्ट के सभी प्रमुख प्रावध ानों की जानकारी दी। समिति की ओर से बताया गया कि ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार है। समिति के एक सदस्य ने शाह से मुलाकात की पुष्टि की। उन्होंने संकेत दिए कि रिपोर्ट अक्तूबर आखिर या नवंबर महीने के पहले हफ्ते तक कभी भी सरकार को सौंपी जा सकती है। उत्तराखंड में यूसीसी की दिशा में बढ़ाए जा रहे कदम के सियासी मायने भी टटोले जा रहे हैं। ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार करने और राज्य में इसे लागू करने के लिए अचानक आई तेजी को पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से जोड़कर भी देखा जा रहा है। बहरहाल आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व देश में कॉमन सिविल कोड लागू करने को लेकर राजनीतिक दलों सियासी जानकारों का कहना है कि यूसीसी बेशक उत्तराखंड में लागू होगा, लेकिन असर पांच राज्यों के चुनाव में भी दिखाया जा सकता है। धामी सरकार का यूसीसी लागू करने का चुनावी वादा है। 27 सितंबर को विशेषज्ञ समिति का कार्यकाल समाप्त होने से पहले ही सरकार ने उसका कार्यकाल चार माह बढ़ा दिया था, लेकिन समिति इससे काफी पहले ही अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप देगी। पहले 31 अगस्त तक रिपोर्ट सौंपे जाने की संभावना थी। सूत्रों का कहना है कि धामी सरकार रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद उसका विधिक परीक्षण कराने के साथ राज्य में समान कानून की व्यवस्था लागू करने के लिए बिल विधानसभा में पेश कर सकती है। चर्चा तो यह भी है कि राज्य आंदोलन कारियों के क्षैतिज आरक्षण विधेयक के साथ विधानसभा के विशेष सत्र में यूसीसी भी आ सकता है। समिति की अध्यक्ष भी पूर्व में यह कह चुकी हैं कि यूसीसी ड्राफ्ट में महिलाओं, बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों को ध्यान में रखते हुए लैंगिक समानता पर फोकस होगा। मनमानी और भेदभाव को खत्म कर सभी को एक समान स्तर पर लाने का प्रयास होगा। यूसीसी में महिलाओं, बच्चों और लैंगिक समानता पर नये प्रावधान हो सकते है। महिलाओं के लिए विवाह की आयु बढ़ाकर 21 वर्ष। विवाह पंजीकरण अनिवार्य होगा।जो व्यक्ति अपनी शादी का पंजीकरण नहीं कराएंगे वे सरकारी सुविधाओं के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। लिव-इन जोड़ों को अपने फैसले के बारे में अपने माता-पिता को सूचित करना होगा । हलाला और इद्दत की प्रथा बंद होगी। बहुविवाह (एक से अधिक पत्नियां रखने की प्रथा) भी गैरकानूनी होगा। पति-पत्नी को तलाक लेने का समान हक दिया जाएगा। मसौदे में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर भी सिफारिश हो सकती है।

### हरिद्वार पहुंचकर सीएम धामी ने की जगद्गुरु शंकराचार्य से मुलाकात

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हरिद्वार पहुंचकर जगद्गुरु शंकराचार्य से मुलाकात की। इस दौरान सीएम ने पैर छूकर जगद्गुरु का अशीर्वाद लिया। साथ ही प्रदेश की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की। यहां मीडिया से मुखातिब हुए सीएम धामी ने पत्रकारों के सवाल पर बताया है कि समान नागरिक संहिता लागू करने को लेकर यूसीसी का मसौदा पूरा हो गया है। जैसे ही हमें मसौदा मिलेगा, हम इसे राज्य में लागू करने के लिए सभी प्रक्रियाओं का पालन करेंगे। उत्तराखंड में यूसीजी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# अमृत कलश यात्रा को दिखाई हरी झण्डी

गदरपुर(उद संवाददाता)। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का भव्य शुभारंभ राजकीय प्राथमिक विद्यालय गूलरभोज रोड गदरपुर से पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भटट जी के द्वारा हरी झण्डी दिखा कर किया गया। कलश यात्रा में विकास खण्ड गदरपुर की 52 ग्राम पंचायतों से पंच प्रण लेकर एकत्र की गयी मिट्टी से सजे हुए कलशों को लेकर रैली के रूप में विकास खण्ड कार्यालय गदरपुर लाया गया। तथा समस्त कलशों की मिट्टी को मिलाकर एक विकास खण्ड स्तरीय कलश तैयार किया गया। जिसको कर्तव्य पथ पर विशाल अमृत वाटिका के निर्माण हेतु नई दिल्ली ले जाया जायेगा । तद्उपरांत मा० पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भटट ने सभा को सम्बोधित करते हुए अवगत कराया की यह कार्यक्रम देश के वीर शहीदों व सुरक्षा में लगे कार्मिकों स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों को समर्पित है। जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने अपने संबोधन में देश के लिए बलिदान हुए वीर जवानों को नमन किया और कहा घर-घर से लाई मिट्टी को इकट्ठा कर दिल्ली अमृत वाटिका के निर्माण हेतु भिजवाया जाएगा वीर जवानों एस०एस०पब्लिक स्कूल के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी तारा हयांकी, तहसीलदार देवेन्द्र बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, प्रदेश उपाध्याय किसान मोर्चा नरेश हुड़िया,मण्डी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, स्वंय सहायता समूह की महिलाए, युवक / युवती मंगल दल के सदस्य के साथ ही मंच संचालन खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी के द्वारा किया गया। सहायक खण्ड विकास अधिकारी सुभाषिनी अमित मेहरा उपकार्यक्रम अधिकारी, बीओपीआरडी गौरव त्रिपाठी, पंचायत सचिव पार्वती चंद्र, पूनम पनेरू, दीपक असगोला, लेखाकार मदन सिंह सैनी, प्रधान सहायक आनंद सिंह बिष्ट, शखावत शाह ब्लॉक मिशन प्रबंधक, कनिष्ठ सहायक सुमित उपाध्याय ब्लाक कोडिनेटर राधा बठला, निक्की, सोमपाल, हीरा बिष्ट, विश्वजीत, विकास, गोविन्द, पीआरडी जवान प्रेम सिंह, धर्म सिंह, रविन्द्र उपाध्याय आदि उपस्थित थे।





# भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक ने किसान नेता टिकैत को दी श्रद्धांजलि

गदरपुर(उद संवाददाता)। नवीन मंडी स्थल में भारतीय किसान यूनियन आराजनीतिक के सदस्यों ने किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत को श्रद्धांजलि दी । इस मौके पर बोलते हुए किसान नेता सलविंदर सिंह कलसी ने कहा कि जिस



तरह से महेंद्र सिंह टिकैत जो किसान नेता थे उन्होंने किसानों के हकों की लड़ाई लड़ी और उनको एकजुट होकर इकट्ठा रहने का प्रयास किया । उनकी जन्मतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया । इस दौरान महेंद्र सिंह टिकैत के साथ काम कर चुके बुजुर्ग किसानों को भी सम्मानित किया गया ।

# गढ़भोज जैसे कार्यक्रम उत्तराखंड की धरोहर को बचाने का मार्ग

किच्छा(उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्यालय में महाविद्यालय के आईक्यूएसी प्रकोष्ठ द्वारा गढ़भोज दिवस का आयोजन किया गया। उत्तराखंड के स्थानीय खाद्य पदार्थों की जानकारी, संरक्षण तथा प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गढ़भोज दिवस का आयोजन किया जाता है। प्राचार्य डॉ राजीव रतन ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड आध्यात्मिक दृष्टि के साथ साथ भौतिक सम्पदा की दृष्टि से भी शक्ति का भण्डार है। मडुवा, झिंगोरा,कौणी, भट्ट, गहत, मसूर, जैसे मोटे अनाज उगाने में एक ओर जहाँ कम जल की जरुरत पड़ती हैं वहीं आधुनिक जीवन शैली से उत्पन्न स्वास्थ्य समस्यायों को दूर करने में मोटे अनाज का कोई विकल्प नहीं है। हमें देवभूमि की इस खाद्य धरोहर को बचाना होगा। वक्ताओं ने कहा कि गढ़भोज आयोजन के द्वारा उत्तराखंड की विरासत को बचाने का संकल्प लेना होगा। जीवन शैली एवं भोजन में एकरसता को तोड़ने के लिए गढ़भोज कार्यक्रम में स्वैच्छिक सहभागी बनना होगा। ग्रामीण व्यापार को मजबूत करने की दृष्टि से भी स्थानीय खाद्य पदार्थों को जानना होगा। उन्हें बाजार उपलब्ध कराने की जरुरत है। व्यक्ति जिस तरह बिना बात किये नहीं रह सकता उसी तरह राज्यों के खाद्य पदार्थों का भी व्यापक आदान प्रदान होना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक डॉ उमराव सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का व्यापक उद्देश्य है। इस कार्यक्रम की शुरुआत द्वारका प्रसाद सेमवाल द्वारा की



गयी थी द्य प्रारंभ में सेमवाल का उद्देश्य कुमाऊ गढ़वाल के पारम्परिक भोजन को राज्य एवं राज्य से बाहर लोकप्रिय बनाना रहा है। वक्ताओं ने कहा कि हमारे समय की बड़ी चुनौती वैश्विकता की आंधी में परम्परा को बचाना है। गढ़भोज स्थानीय संस्कृति को बचाने का अभियान बन चुका है। जो व्यक्ति अपनी धरोहर को संरक्षित नहीं रख पाता उसका कोई अस्तित्व नहीं बचता। यही कारण है कि भारत की बहुत सारी बोलियाँ विलुप्त हो चली हैं। उत्तराखंड के खाद्य पदार्थों, औषधियों, वनस्पतियों की जानकारी सांस्कृतिक जागरण के व्यापक कार्यक्रम का हिस्सा है। कार्यक्रम में देवेन्द्र, हेमा बिष्ट, रितिका कपकोटी, प्रेमप्रकाश, महेंद्र, अनूप, मुस्कान, साजिया, शाहरून, कुलसुम सहित 54 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। संगोष्टी को प्रोफेसर पुष्पा देवी, डॉ प्रकाश, डॉ नरेश, डॉ हर्षिता, डॉ मनीषा ने संबोधित किया। कार्यालय कार्मिक शुभम गंगवार, गौतम, आनंद सिंह भी उपस्थित रहे। डॉ उमराव सिंह कार्यक्रम संयोजक थे।

# लापता भाई बहन को बरेली से किया बरामद

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हुए दो भाई बहनों न को पुलिस ने खोजबीन के बाद बरेली से सकुशल बरामद कर लिया है। बता दें गदरपुर रोड पर आनंदम लॉज दुर्गा मंदिर निवासी राजेश कुमार की 13 वर्षीय पुत्री प्रिया और दस वर्षीय पुत्र रवि बृहस्पतिवार को संदिग्ध हालातों में घर से कहीं चले गये उसके बाद वापस नहीं लौटे। परिजनों ने कई जगह दोनों की तलाश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। जिस पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम का गठन किया। एसआई अशोक कुमार पुलिस टीम के साथ बरेली पहुंचे। पुलिस ने दोनों बच्चों को रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक दोनों पिता के साथ यहां गदरपुर रोड दुर्गा मंदिर के समीप रहते हैं और मां जिला सोनभद्र में रहती हैं। 5 अक्टूबर को दोनों घर से लापता हो गए थे। एसएसआई कमाल हसन ने बताया कि जांच एसआई अशोक कुमार को सौंपी। दोनों बच्चों को रेलवे स्टेशन बरेली से बरामद किया गया। दोनों बच्चे पिता के पास आने को तैयार नहीं थे। इसपर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने बच्चों को मां के पास भेज दिया। एसएसआई ने बताया कि पिता व बुआ को पूछताछ को बुलाया जाएगा।

# चालक की लापरवाही से पलटा वाहन

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी रोड पर आरटीओ कार्यालय के समीप चालक की लापरवाही से ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में किसी प्रकार की जान माल की सूचना नहीं है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक बीते 4 अक्टूबर को वाहन संख्या यूके 18 सी ए/6518 शरीफ नगर ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी रिजवान अहमद पुत्र नसीम अहमद द्वारा वाहन को अचानक लापरवाही व उतावलेपन से चला कर कूद गया फल स्वरुप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। पुलिस ने इस मामले में वाहन चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है।

# सभी निर्माणदाई संस्थाएं मशीनरी व मैन पावर बढ़ाकर कार्य मे तेजी लायें

## डीएम वंदना सिंह ने किया हल्द्वानी में सड़क चौड़ीकरण किए जा रहे विभिन्न मार्गो का निरीक्षण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शुक्रवार को जीजीआइसी कालादूँगी रोड़ हल्द्वानी, रामपुर रोड में ब्रिडकुल द्वारा चौड़ीकरण किए जा रहे मार्गो, बरेली रोड में मंडी से तीनपानी तक लोनिवि द्वारा किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण, टीपी नगर के व्यापारियों से उनकी समस्याओं पर वार्ता के साथ ही ठण्डी सड़क में नहर कवरिंग एवम सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कहा कि अब मानसून सीजन समाप्त हो गया है लिहाजा सभी निर्माणदाई संस्थाओं को तेजी के साथ निर्माण कार्यों में जुट जाने के निर्देश दिए हैं इसके अलावा गुणवत्तापूर्ण कार्य किए जाने के सख्त दिशा निर्देश दिए गए हैं। समय-समय पर मॉनिटरिंग करने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी भी दी गई है। जिलाधिकारी ने रामपुर रोड में ब्रिडकुल द्वारा चौड़ीकरण किए जा रहे मार्गो के निरीक्षण के दौरान उन्हें मशीनरी व मैन पावर बढ़ाकर कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब तक कार्य शुरू नहीं हो जाता जनता को होने वाली असुविधा को न्यून करने हेतु ब्रिडकुल के अधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत अस्थाई रूप से गड्ढ़े भरे। निर्माण अवधि में लोगों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है अस्थाई तौर पर गड्ढ़े को भरकर जनता की असुविधाओं को न्यूनतम किया जा सकता है। ब्रिडकुल के अधिकारियों ने बताया कि



15 अक्टूबर से अमरदीप के सामने का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने यातायात नगर परियोजना के कार्यालय में टीपी नगर के कारोबारियों से टीपी नगर की समस्याओं पर वार्ता की। उनकी समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि पार्किंग हेतु खाली प्लॉटों पर वैधानिक स्थिति पर विचार करते हुए पार्किंग प्रस्ताव पर कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने हेतु सम्बन्धित फर्म के उच्च अधिकारियों से यथा शीघ्र वार्ता कर समाधान किया जाए। उपजिलाधिकारी हल्द्वानी को टीपी नगर में संचालित अवैध गतिविधियों की शिकायत पर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान टीपी नगर के आय स्त्रोत बढ़ाने व टीपी नगर को सुव्यवस्थित करने हेतु चर्चा की गई। मंडी से तीन पानी तक 02 किमी सड़क की फोरलेनिंग का स्थल निरीक्षण करते हुए लोक निर्माण विभाग को 15 दिन के भीतर दूसरे चरण की डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही अवशेष पेड़ों का कटान कार्य एवं विद्युत पोल शिफ्टिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।हल्द्वानी की 1.2 किमी ठंडी सड़क में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य नगर आयुक्त को नहर कवरिंग का काम तेजी से करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सौंदर्यीकरण हेतु लैंडस्केप डिजाइनर से वार्ता कर सौंदर्यीकरण का डिजाइन तैयार करने को कहा। कहा कि एक थीम पर सड़क का सौंदर्यीकरण किया जाए जिससे यहाँ आने वाले राहगीर पार्क की सुंदरता का आनंद लेते हुए सुकून के पल व्यतीत कर आनंद की अनुभूति ले सके। उक्त सड़क को स्थानीय निवासियों हेतु मॉर्निंग इवनिंग वॉक के स्थल के रूप में भी विकसित करने पर विचार करने हेतु निर्देशित किया निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, ईई लोनिवि अशोक चौधरी सहित अन्य अधिकारी व व्यापारी उपस्थित थे।

# डीएम ने किया जीजीआईसी कालाढूँगी का निरीक्षण

हल्द्वानी। जीजीआईसी कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उक्त स्थल पर जिला पुस्तकालय,भवन के जीर्णोधार, पार्किंग निर्माण और सड़क चौड़ीकरण का प्लान एवं डीपीआर बनाए जाने हेतु पीडब्ल्यूडी हल्द्वानी को निर्देश दिए । साथ ही मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी को निर्देश दिए कि समस्त बालिका विद्यालयों में कक्षा 09 से 12 वी की बालिकाओं को पर्सनल हाइजीन, स्वास्थ्य, पोषण आहार आदि विषयों की समय समय पर काउंसिलिंग व जानकारी हेतु एक शिक्षिका को नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में प्राय: देखा गया है कि बालिकाओं को एनीमिया रहता है जिसका दुष्प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है व समय के साथ कई बीमारियों का शिकार ही जाती है। इस कुचक्र से बचने के लिए बालिकाओं की नियमित काउंसलिंग जरूरी है जिससे वे समय से अपने संतुलित आहार के प्रति सजग रहे व उनकी बेहतर बौद्धिक क्षमता का विकास हो सके।



# एसटीएफ और पुलिस ने किया अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

## कई पोनिया और तमंचों सहित एक सौदागर को किया गिरफ्तार

## ग्राम खुशहालपुर के एक घर में बीस वर्षों से बना रहा था अवैध हथियार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अवैध हथियार तस्करों के खिलाफ उत्तराखंड एसटीएफ व पुलिस ने जबरदस्त स्ट्राइक करते हुए गदरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खुशहालपुर के एक घर में अवैध हथियारों का बड़ा नेटवर्क ध्वस्त करते हुए छापामार कर अवैध असलाह फैक्ट्री पकड़ी। साथ ही मौके से एक शातिर व्यक्ति को 02 देसी पोनिया 12 बोर, 02 तमंचे 315 बोर तथा 01 देसी तमंचा 12 बोर, लोहे की नाल तथा बन्दूक की बाड़ी और असहाह बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार कर लिया। जो उत्तराखण्ड समेत समूचे उप्र में अवैध असलाहों की तस्करी करता था। गिरफ्तार शातिर पूर्व में भी अवैध असलाहों की तस्करी व कई अर्धनिर्मित असलहों के साथ पकड़ा गया था। सीओ एसटीएफ कुमाऊँ सुमित पांडे ने बताया कि गठित एसटीएफ व थाना गदरपुर पुलिस द्वारा एक ज्वांइट ऑप्रेशन के तहत कार्यवाही करते हुए कल शाम थाना गदरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खुशहालपुर के एक घर से भारी मात्रा में अवैध असलहे बरामद करते हुए एक आर्म्स डीलर वचन सिंह पुत्र हजुर सिंह निवासी ग्राम खुशहालपुर थाना गदरपुर को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध थाना गदरपुर में धारा 3/25 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। सीओ श्री पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर वचन सिंह जो कि इन अवैध हथियारों को बनाने तथा मरम्मत का कार्य भी



करता है पिछले करीब 20 वर्षों से अवैध हथियारों के काले कारोबार में लगा था। इसकी सूचना एसटीएफ को मिली थी तब से एसटीएफ की एक टीम इसके ठिकानों में नजर रख रही थी। उन्होंने बताया कि कल टीम को गोपनीय सूचना मिली कि वचन सिंह के घर में हथियारों की बड़ी खेप आयी है जिस पर टीम द्वारा उसके घर को चारों तरफ से घेरकर छापा मारा गया तो घर के अन्दर से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद हुए तथा घर में मौजूद वचन सिंह को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में वचन सिंह ने एसटीएफ को बताया कि वह वर्ष 2003 से हथियारों की तस्करी कर रहा है । वह उप्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा और पंजाब आदि राज्यों में सप्लाई करता आ रहा है। वह और उसके साथी कलकत्ती जंगल में,जो कि उप्र में स्थित हैं वहाँ असलहों को बनाते आ रहे हैं। उनके बने असहलों की उप्र में बहुत डिमांड है। इसके द्वारा अब तक करीब 1000 अवैध बन्दूकों व तंमचों की तस्करी उप्र व उससे लगे राज्यों में की जा चुकी है। एसटीएफ की इस कार्यवाही में मुख्य आरक्षी रविन्द्र सिंह बिष्ट की विशेष भूमिका रही। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि पकड़ा गया आर्म्स डीलर वचन सिंह कई वर्षों से अवैध हथियारों धन्धे में लिप्त था । उस पर वर्ष 2018 में थाना केलाखेड़ा में हथियारों की फैक्ट्री चलाने का मुकदमा दर्ज है। यह वैपन सप्लायर होने के साथ-साथ हथियारों का कारीगर भी है। एसटीएफ टीम पिछले कई दिनों से हथियारों के इस नेटवर्क पर काम कर रही थी। पूछताछ में टीम को अवैध हथियारों की तस्करी के सम्बन्ध में कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ हाथ लगी हैं जिसके आधार पर एसटीएफ आगे कार्यवाही करेगी। गिरतार करने वाली एसटीएफ टीम में निरीक्षक एमपी सिंह, उनि केजी मठपाल, उनि बृजभूषण गुरुरानी, अउनि प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी रविंद्र बिष्ट, जगपाल सिंह, दुर्गा सिंह, किशोर कुमार, आरक्षी मोहित वर्मा, गुरवंत सिंह, मुख्य आरक्षी सुरेन्द्र कनवाल (सर्विलांस), थाना गदरपुर पुलिस टीम के उनि महेश चन्द्र, आरक्षी संजीव कुमार आदि शामिल थे।

# देहरादून पहुंचे यूपी के सीएम योगी केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम जाएंगे

## सीएम धामी और भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

देहरादून(उद संवाददता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज से तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को देर शाम मुख्यमंत्री आवास में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने भेंट की। इस अवसर पर दोनों मुख्यमंत्रियों द्वारा विभिन्न समसामयिक विषयों पर विचार विमर्श किया गया। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पौधा एवं शाल ओढ़कर सीएम योगी का स्वागत किया।वहीं बीजापुर गेस्ट हाउस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत सहित अन्य नेताओं ने सीएम योगी से भेंट कर उत्तराखंड दौरे पर पहुंचने पर उनका स्वागत अभिनंदन किया। शनिवार को वह मध्य क्षेत्रीय



परिषद की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में शामिल होने के बाद शाम को ही योगी केदारनाथ धाम जाएंगे। वहीं आठ अक्तूबर को बदरीनाथ धाम के दर्शन करने के बाद वह वापस लखनऊ लौट जाएंगे। बता दें कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की यह 24वीं बैठक है। बैठक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में टिहरी जिले के नरेंद्रनगर में आयोजित होगी। बैठक में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के अलावा इन चारों राज्यों के दो-दो मंत्री और केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी भाग लेंगे। इस बैठक में उत्तराखंड की ओर से दून वैली इको जोन का नोटिफिकेशन रद्द करने और सीमांत क्षेत्र से पलायन और इसके निदान के एजेंडे को चर्चा के लिए रखा जाएगा।

# ट्वीटर पर राहुल को रावण बताने पर फूंका भाजपा का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ट्वीटर पर राहुल गाँधी को रावण बताये जाने से गुस्साए कांग्रेसियों ने जोरदार प्रदर्शन के साथ भाजपा का पुतला फूंका।भाजपा के अधिकृत ट्वीटर हैंडल से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर किये गये अमर्यादित ट्वीट से गुस्साये कांग्रेसियों



ने महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट और जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में बुद्ध पार्क, तिकोनिया भाजपा का पुतला फूंका गया। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि राहुल गांधी को लेकर किया गया ट्वीट हकीकत में भाजपा की हताशा और निराशा का प्रतीक है। भाजपा राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से बौखला गयी है।महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट ने कहा कि प्रभु राम का नाम लेकर रावण राज चलाने वाली भाजपा, आज महात्मा गांधी के विचारों के अनुसार रामराज का अनुसरण करने वाली पार्टी, कांग्रेस के नेता को रावण बता रहे हैं जबकि पिछले 9 सालों में पूरा देश जान गया है कि रावण राज कौन चला रहा है। पुतला दहन करते समय उपस्थित कांग्रेसियों ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि भाजपा तुरंत ट्वीट डिलीट कर राहुल गांधी से सार्वजनिक माफी मांगे अन्यथा कांग्रेस राहुल गांधी के अपमान का पुरजोर बदला भाजपा से लेगी। पुतला दहन करने वालों में में जिला महामंत्री मलय बिष्ट, पूर्व चौयरमेन हेमंत बगड़वाल, शोभा बिष्ट, प्रकाश पांडे, सुहैल सिद्दीकी, राजेन्द्र बिष्ट, गोविंद बगड़वाल, राजेंद्र सुयाल, हेम पांडे, राजेन्द्र खनवाल, अशोक जोशी, गिरीश पांडे, युंका पूर्व उपाध्यक्ष गुरप्रीत प्रिंस, युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्षित भट्ट , मीमांशा आर्य, विधानसभा अध्यक्ष मोकिन सैफी, प्रदीप नेगी, विशाल भोजक, गीता बहुगुणा, किरण मेहरा, कमला तिवारी, मोहम्मद सुहैल, संदीप भैसोड़ा, मनोज श्रीवास्तव, गणेश, उमेद फर्त्याल, दिलशाद भाई, मनोज, इंदर सिंह बिष्ट, बबलू बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, सुशील डुंगराकोटी, अलका आर्य, मुन्नी, जय पाठक, संजू उप्रेती, सुरेंद्र फर्श्वन, आलम सिंह, रक्षित बिष्ट, अभिषेक बिष्ट, शैलू आर्य, गौरव बलुटिया आदि उपस्थित रहे।

# विजेता विद्यार्थियों को कैबिनेट मंत्री ने किया सम्मानित

## विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें विजेता विद्यार्थियों को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सम्मानित किया राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत प्रतियोगिता में 17 विद्यालयों के सौ से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया है कार्यक्रम का शुभारम्भ कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, सभासद रवि रस्तोगी, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान ने दीप प्रजजवलित कर किया। राजकीय इंटर कालेज में



आयोजित राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी, प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी जिसमें ब्लाक के 17 विद्यालयों के 115 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया यहां आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में नानकमत्ता के सीमा जोशी मैमोरियल विद्यालय के सोनू अटवाल ने पहला, विज्ञान मेला में सितारगंज के मो सिंह मैमोरियल पब्लिक स्कूल आदित्य, लक्ष्यजीत प्रथम रहे विज्ञान संगोष्ठी में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के मोहम्मद मेहरोज, विज्ञान ड्रामा में शक्तिफार्म के शिवा मिस्त्री, आयुष देव हालदार, दीपांशु, मोहित, वासुदेव, शिवम, सुजल प्रथम स्थान पर रहे कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, सभासद रवि रस्तोगी, आदेश चौहान, राकेश त्यागी, सुमन राय, जया जोशी, प्रिसिंपल रवेंद्र पाठक, डा धर्मेंद्र नाथ चौबे, विनोद मिश्रा, संजय शुक्ला, चंदन डसीला, विनोद कुमार, अजय कन्याल, रमेश गंगवार, ब्लाक समन्वयक हरिशंकर याज्ञिक, मनोज जोशी, नीरज चौहान मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पोषण माह गतिविधियों में ऊधमसिंह नगर प्रदेश में अव्वल

## पोषण माह समीक्षा बैठक में श्रेष्ठ अधिकारी और कर्मचारी सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह समीक्षा बैठक, समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी एवम मुख्य विकास अधिकारी जिनको गमला देकर सम्मानित किया। ब्रिटानिया कंपनी एचआर मुक्ता टंडन जी ने जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन के मोहित सक्सेना ने मुख्य विकास अधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने अवगत कराया की पोषण माह की गतिविधियों में जिला उधमसिंह नगर पूरे राज्य में लगातार चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पोषण माह समापन समारोह में जन आंदोलन डैशबोर्ड पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाली





परियोजनाओं को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। आंदोलन डैशबोर्ड पर प्रथम स्थान पर रही जनपद की बाल विकास परियोजना जसपुर शहर की बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती इंदिरा बरगली एवम एनएनएम कार्मिक मनीष कुमार, द्वितीय स्थान पर रही रुद्रपुर ग्रामीण की बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती हेम कांडपाल एवं एनएम कार्मिक सुश्री अर्पिता सही तथा तृतीय स्थान पर रही रुद्रपुर शहर की बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती आशा नेगी एवं एनएनएम कार्मिक अजीत कुमार मौर्य को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में पोषण माह में समन्वय स्थापित करने वाले विभागों के श्रेष्ठ कर्मचारियों को भी जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें जिला विकास विभाग से मुख्य विकास अधिकारी के वैयक्तिक सहायक श्री शेखर चंद्र पाठक, जिला पूर्ति विभाग से श्रीमती अनीता, चिकित्सा विभाग से पोषण पुनर्वास केंद्र की डाइटिशियन श्रीमती अंशुल टंडन, शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी काशीपुर रणजीत सिंह नेगी, जिला पंचायती राज विभाग से सहायक विकास अधिकारी, रुद्रपुर धीरेंद्र पंत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी एवम मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष राष्ट्रीय पोषण माह की समीक्षा रिपोर्ट का प्रस्तुतिकरण किया। जिलाधिकारी ने पोषण माह गतिविधियों में पूरे उत्तराखंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष सितंबर माह 1 से 30 सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया जाता है जिसका लक्ष्य कुपोषण की दर को कम करना और जन आंदोलन करके पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने ऊधमसिंह नगर के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, राष्ट्रीय पोषण मिशन की जिला समन्वयक श्रीमती बबीता मौर्य, जिला व परियोजना सहायक श्रीमती मेघा यादव, राष्ट्रीय पोषण मिशन के ब्लॉक समन्वयक सुरेश चंद्र, सुरेंद्र, अक्षित कुमार, दीपिका रानी ब्लॉक मनीष कुमार, ब्लॉक श्रीमती ममता, जिला कार्यक्रम कार्यालय से श्रीमती नीलम नाथ, किशन सिंह मेहरा, को पोषण माह में उत्कृष्ट कार्य करने एवं जिले को उत्तराखंड राज्य उत्तराखंड राज्य में प्रथम स्थान पर लाने के लिए अथक प्रयासों हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# बाईपास निर्माण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

## केंद्रीय रक्षा एवम पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने जनपद में चल रहे विकास कार्यों की गहनता से समीक्षा की, चिकित्सालयों में किसी भी दवाई की कमी न हो

पंतनगर(उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवम पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने एनेक्सी भवन पहुंचकर जनपद में चल रहे विकास कार्यों की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत 997 करोड़ की लागत से जनपद में चल रहे कार्यों की आधी अधूरी जानकारी देने एवम बैठक में पूर्ण तैयारियों के साथ न प्रकरणों पर पैनी नजर रखी जाए, और जिन क्षेत्रों में डेंगू के मरीज मिलते हैं उन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि चिकित्सालयों में किसी भी दवाई की कमी न हो और दवाइयों की आपूर्ति हेतु समय से मांग की जाए। उन्होंने एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु सभी औपचारिकताएं उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि संजय वन शीघ्र ही पूर्व की भांति चहकेगा और महकेगा। उन्होंने रोड निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि रुद्रपुर बायपास निर्माण कार्य शुरू कराने हेतु तेजी से कार्यवाही की जाए और भूमि अधिग्रहण एवम मुआवजा वितरण की कार्यवाही भी तेजी से की जाए। उन्होंने कराने की दिशा में भी प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही श्री भट्ट ने आकांक्षी जनपद के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, ईएसआई हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज,जसपुर में रेडियो स्टेशन, पेयजल आदि विभागों द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में विधायक शिव अरोरा ने सड़क



आने पर जल संस्थान एवम जल निगम के अभियंताओं की कार्यशैली पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सचिव आरके सुधांशु से दूरभाष पर वार्ता कर, पूर्ण हो चुकी योजनाओं का लोकार्पण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन योजनाओं में तेजी लाकर शीघ्रता से पूर्ण करने तथा खोदी गई सड़को को शीघ्रता से सही कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि जनपद में डेंगू के मरीजों एवम शीघ्रता से पूर्ण कराते हुए काम शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संजय वन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि पर्यटकों की सुरक्षात्मक दृष्टि से सोलर फैंसिंग कराने व एक साइड से सुरक्षा दीवार बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संजय वन में पर्यटकों के लिए सभी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और कैंटीन आदि की भी व्यवस्था की जाए। संजय वन में विद्युत आपूर्ति हेतु सांसद निधि से 6 लाख रुपए की धनराशि निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर कोई समस्या हो तो उस समस्या के निस्तारण हेतु प्राथमिकता से अवगत कराएं।उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान ड्रिप एंड स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार दीपावली पर 2000 निर्धन परिवारों को भूमि फ्री होल्ड का तोहफा देने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 50 वर्ग मीटर की वर्तमान में कम से कम कीमत 13 लाख रुपए है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री भी फ्री निर्माण, चिकित्सा आदि से संबंधित कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। बैठक में विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, सीडीओ विशाल मिश्रा, डीएफओ हिमांशु बागरी, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, डीपीओ अभय प्रताप सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी आरके पंत, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा आदि उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षक और विद्यार्थी सम्मानित

गदरपुर (उद संवाददाता)।संकुल बराखेड़ा के प्रांगण में आकांक्षी विकास खण्ड गदरपुर के संकुल बराखेड़ा में भाष्करानंद पाण्डेय खण्ड/उप शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में संकल्प सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बी आर सी प्रभारी मोहनलाल ने बताया कि कार्यक्रम की थीम शिक्षा एक संकल्प है।कार्यक्रम में संकुल के बेस्ट टीचर्स एवं बेस्ट स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षी विकास खण्ड कोऑर्डिनेटर अमरजीत बजाज द्वारा किया गया।




सर्वश्रेष्ठ अध्यापकों के रूप में कृष्णपाल रा.प्रा.वि. अलखदेवी, श्रीमती रमा छाबड़ा रा.प्रा.वि. मझराझुंन्नी, श्रीमती आशा पाण्डेय रा.उ. प्रा.वि. सरदार नगर, श्रीमती सुरेंदर कौर रा.उ.प्रा.वि.बरेली नगर को सम्मानित किया गया। बेस्ट स्टूडेंट्स के रूप में साक्षी कक्षा 8, सोनम कक्षा 7, अनामिका कक्षा 6 रा.उ. प्रा.वि. बराखेड़ा, लक्ष्मी कक्षा 5, अरुण कक्षा 5, आरिश कक्षा 4 रा.प्रा.वि. अलखदेवी एवं शीना कक्षा 3, राधिका कक्षा 5, मानसी कक्षा 5 रा.प्रा.वि. बराखेड़ा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजय कुमार प्रधानाध्यापक रा.उ. प्रा.वि. बराखेड़ा, श्रीमती बीना प्रधानाध्यापिका रा.प्रा.वि. बराखेड़ा, श्रीमती सरिता आर्य, श्रीमती सरिता सुखीजा, हिमांशु विश्नोई एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



# श्रद्धालुओं ने चंडीगढ़ में किए मां मनसा देवी के दर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री दुर्गा यात्रा समिति द्वारा श्री दुर्गा मंदिर रुद्रपुर से 32वी मां वैष्णो दरबार यात्रा में आज श्रद्धालुओं ने चंडीगढ़ में माँ मनसा देवी जी किये बहुत ही खुले दर्शन किये और देवी जी मे ध्वज और चुन्नी श्रृंगार अर्पित किया गया। सभी भक्त जयकारों और माता रानी के भजन गाते हुए झूमते नाचते हुए माँ के दरबार मे गये। इस दौरान यात्रा संयोजक वेद ठुकराल, विक्की कक्कड़, बांगा, किशन मेहता, विपिन अरोरा, पंकज शर्मा, नजीर सिंह, रीता मेहता, एकता दुआ, ठाकुर ओमवीर सिंह, सुनीता सिंह, गीता सुखीजा, अशोक चोपड़ा,राजेन्द्र अग्रवाल, भावना



माता रानी से सभी के लिए मनोकामना की गई। यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल ने बताया कि आज प्रात: महन्त राजीव ठक्कर के परिवार द्वारा माँ मनसा पवन गाबा पल्ली, कथा वाचक लाडली जी, गीता कुशवाह, राजीव गौड़, अमित दुआ, अंशु कक्कड़, काका नारंग, मोहित बत्रा, किशन सुखीजा, अमित सचदेवा, गीतिका सचदेवा, राम राजदेव, ऋषभ दुनेजा, रोहित, राकेश मण्डल, सौम्या, कपीश, ओम सचदेवा आदि माता के भक्तो ने दर्शन किये।

# निर्धारित से कम दामों में फसल खरीद करने पर भाकियू ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में नायब तहसीलदार शुक्ला को सौंपा।धान का खरीद मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम खरीद के संबंध में दिए गए ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि वर्तमान में धान की फसल तैयार है तथा उपज कट कर मंडी तक पहुंच रही है लेकिन मंडी गदरपुर में सुपर फाइन उपज को आढ़तियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य 2203 रुपए से काफी कम लगभग 1800 रुपए प्रति कुंतल तक खरीदा किया जा रहा है। विगत वर्ष जिलाधिकारी तथा उप जिलाधिकारी के निर्देश पर कच्चे आढ़तियों एवं राइस मिलर्स द्वारा नमी का मानक तय किया गया था जबकि आढ़तियों तथा राइस मिलर्स द्वारा धान में नमी के हिसाब से मनमाने ढंग से मूल्य में कटौती की जा रही है जिससे किसान की उपज का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है तथा किसान की मजबूरी का प्रशासन की होगी। ज्ञापन के माध्यम से निर्धारित मूल्य पर राइस मिलर्स को विगत वर्ष के नमी मानकों के अनुसार खरीद करने के निर्देश देने की मांग की गई। इस मौके



लाभ उठाकर उनका शोषण किया जाना जारी है जिसका यूनियन कड़ा विरोध करती है समाधान न होने की स्थिति में यूनियन के नेतृत्व में किसानों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिनकी पूर्ण जिम्मेदारी पर भारतीय किसान यूनियन ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़, डॉ.अमर सिंह,गुरुचरण सिंह ,जसवीर सिंह ,अशोक सेठी, गुरमीत सिंह ,अमरीक सिंह, अशोक कुमार, विनोद गुंबर,वीरेंद्र सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# प्रभु श्री राम का चरित्र सबके लिए आदर्श : चुघ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री शिव मंदिर चौरासी घंटा रम्पुरा में श्री श्री शिव मंदिर चौरासी घंटा कमेटी द्वारा आयोजित मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की लीला के पांचवें दिन की रामलीला मंचन का कर्तव्य को हमेशा सर्वोपरी रखा। उन्होंने कहा हम सबको श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने चाहिए। साथ ही उनके चरित्र से प्रेरणा भी लेनी चाहिए। श्री चुघ ने कहा कि अपने घरों प्रति अपने दायित्वों को निभाना होगा। रामलीला मंचन के दौरान कलाकारों द्वारा राजा दशरथ मरण व राम केवट संवाद आदि की लीला का सुंदर मंचन किया गया। आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि भारत के अध्यक्ष लालमन, महामंत्री किशन कोली, कोषाध्यक्ष शंकर कोली, उपाध्यक्ष राहुल कोली, राज कोली, नामित पार्षद राजकुमार कोली, ओम प्रकाश कोली, सोनू कोली, त्रिलोक कोली, राजू कोली



शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं प्रदेश सहसंयोजक चुनाव प्रबंधक कमेटी भाजपा भारत भूषण चुघ ने दीप प्रज्वलित करने के साथ प्रभु श्री राम जी की आरती कर किया। इस मौके पर श्री चुघ ने अपने संबोधन में कहा कि प्रभु श्री राम ने परिवार से पहले अपने में श्री रामचरित मानस की कथा पढकर उसमें दी शिक्षाओं को जीवन में ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम की लीलाओं को देखकर हमें इससे शिक्षा लेनी होगी। अपने माता पिता, गुरुजनों सहित सभी वरिष्ठ जनों का आदर सम्मान करना सीखना होगा। समाज के भूषण चुघ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि अमित गौड़, रामकिशन कोली, शिव कुमार, सुनील कोली को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्षता भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार कोली राज ने की। इस दौरान मंदिर कमेटी एवं समस्त कमेटी के सदस्य एवं पदाधिकारी, सुरेश कोली, कल्लू राम, यादराम कोली, बालक राम, ओमपाल कोली, राजकुमार, अमर, सोनू, जुगल किशोर, विशाल, अरविंद, विवेक, महेश, राजेश, सुरेश, सुदामा, वासुदेव,शंकर, धर्मेंद्र सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# मण्डल मंत्री भाजयुमो प्रिंस ने जताया कैबिनेट मंत्री बहुगुणा का आभार

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय सितारगंज को स्नातक स्तर से स्नाकोत्तर स्तर (एम०ए०) स्तर उच्चारण करने पर एवं एम ए की कक्षाएं संचालित कराने पर मण्डल मंत्री भाजयुमो प्रिंस रस्तोगी ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार जताया एवं धन्यवाद किया और कहा यह क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए बहुत बड़ी सौगात है जो छात्र-छात्राएं अन्य शहरों में जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करते थे अब वह अपने ही क्षेत्र सितारगंज में लाभ उठाएंगे। यह राजकीय महाविद्यालय भी आपकी ही देन है कैबिनेट मंत्री ने आश्वासन दिया क्षेत्र के सभी छात्र-छात्राओं के साथ में हर संभव खड़ा हूं और भी अन्य कक्षाएं जल्द संचालित की जाएगी। इस मौके पर छात्रसंघ उपसचिव शिवम कुमार, धीरज कुमार एवं समस्त महाविद्यालय छात्र-छात्राओं ने आभार जताया।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# ग्लोबल वार्मिंग की चिंताए

दुनिया का तापमान बढ़ते जाने के मसले पर चिंताएं नई नहीं हैं। इसके हल के लिए वैश्विक स्तर पर विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों और अलग-अलग देशों की सरकारों के नुमाइंदों के सम्मेलन होते रहे हैं, जिनमें इसके कारणों की पहचान कर उन्हें दूर करने के लिए प्रस्ताव पारित किए जाते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि बीते कई दशकों से लगातार बढ़ती चिंता के बीच यह समस्या भी गहराती जा रही है। आखिर क्या कारण है कि हर अगले वर्ष तापमान में बढ़ोतरी को लेकर नए आकलन और उनकी वजह से समूची धरती पर मंडराते खतरे के संकेत सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके हल की ओर अब तक कुछ ठोस होता हुआ नहीं दिख रहा। गौरतलब है कि गुरुवार को यूरोपीय संघ की 'कापरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस' यानी सीसीसीएस ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि इस वर्ष सितंबर अब तक का सबसे गर्म महीना रहा है। इसी वर्ष के शुरुआती नौ महीनों में पूरी दुनिया का तापमान औसत से 0.52 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। मसला केवल महीने तक सीमित नहीं है। रपट के मुताबिक, सन 2023 अब तक का सबसे गर्म वर्ष के रूप में दर्ज होने वाला है। सवाल है कि अगर दुनिया भर में इस मसले पर अद्यतन जानकारियां और अध्ययनों की रपट सामने हैं और उसका असर लगातार बढ़ता साफ-साफ महसूस किया जा रहा है, तो आखिर इस समस्या को दूर करने को लेकर गंभीरता क्यों नहीं दिख रही! इस पर सोचना इसलिए भी जरूरी है कि यह कोई मौजूदा दौर की मुश्किल नहीं है कि थोड़ा-बहुत नुकसान उठा कर इसके निकल जाने का इंतजार कर लिया जाए, बल्कि इससे आने वाला समूचा वक्त प्रभावित होने वाला है, कई-कई पीढ़ियों को इसका खमियाजा उठाना पड़ सकता है। हालांकि इसके खतरे अभी ही वातावरण से लेकर आम जनजीवन पर खतरनाक असर डालने लगे हैं। मसलन, मौसम के चक्र के मुताबिक आमतौर पर सितंबर के महीने में गरमी काफी हद तक नरम पड़नी शुरू हो जाती है। लेकिन अगर सीसीसीएस जैसी संस्था अपने आकलन में न केवल सितंबर महीने को, बल्कि इस पूरे वर्ष के ही सबसे गर्म होने का दावा कर रही है तो अब तत्काल इस पर ध्यान देने की जरूरत है कि पिछले कई दशकों के दौरान 'ग्लोबल वार्मिंग' या धरती का तापमान बढ़ते जाने के कारणों की पहचान पर बात होने के बावजूद इसके हल के उपायों के प्रति लापरवाही और अनदेखी का नतीजा क्या हो सकता है। बढ़ते तापमान के खतरे के बीच इन तथ्यों पर बात होती रही है कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के बजाय जीवाश्म ईंधनों को जलाने की वजह से जलवायु में बदलाव आ रहा है और इसी कारण मौसम में तीव्र उथल-पुथल देखी जा रही है। अलग-अलग देशों में लू और चक्रवाती तूफान का स्वरूप ज्यादा भयावह होने लगा है और इनकी आवृत्ति भी बढ़ गई है। इसके अलावा, भारी बारिश से विनाशकारी बाढ़ और जंगलों में आग लगने की घटनाओं में भी बढ़ोतरी हुई है। मुश्किल यह है तापमान में बढ़ोतरी को खतरनाक बताते हुए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में उसके हल के लिए सुझाए गए उपायों पर सहमति जताई जाती है, लेकिन इस पर अमल को लेकर गंभीरता नहीं दिखती। खासतौर पर कार्बन डाइआक्साइड के उत्सर्जन को लेकर अमीर और विकसित देश शायद ही कभी पर्याप्त स्तर तक संवेदनशील दिखते हैं। जबकि गरीब और विकासशील देशों पर इसे कम करने की जिम्मेदारी थोप दी जाती है। सवाल है कि ऐसे दोहरे मानदंडों पर आधारित चिंता का क्या हासिल होने वाला है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि ऐसे रवैये की वजह से न केवल मौजूदा दुनिया खतरे में है, बल्कि इससे आने वाली पीढ़ियों के सामने भी गंभीर चुनौतियां मुंह बाए खड़ी रहेंगी।

# शरीर को नुकसान भी दे सकता है योग करने का गलत तरीका

योग के फायदे के बारे में तो सभी जानते हैं कि योग करने के फायदे अनेक हैं पर गलत तरीके से किया हुआ योग का दुष्परिणाम भी हो सकता है इस आर्टिकल में हम ये बताने वाले हैं। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए संजीवनी है। इसमें असाध्य से असाध्य रोगों का ईलाज छिपा हुआ है। नियमित रूप से योग और प्राणायाम करने वाले लोग अक्सर दवाओं और



अस्पतालों के चक्कर से दूर रहते हैं। योग जीवन को स्वस्थ और निरोग बनाने का अद्भुत साधन है, लेकिन क्या आपको पता है कि योग कभी-कभी आपके लिए नुकसानदेह भी हो सकता है। योग और प्राणायाम के अपने कुछ कायदे हैं। उनके कुछ निश्चित तरीके और अनुशासन हैं। ऐसे में अगर आपने योग करते हुए उसके अनुशासन का पालन नहीं किया तो यह आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए योग से होने वाले नुकसान से बचने के लिए आपको कुछ सावधानियां जरूर बरतनी चाहिए। प्राणायाम करते हुए हमेशा इस बात का ख्याल रहे कि जिस जगह आप प्राणायाम कर रहे हैं वो जगह खुली होनी चाहिए। यह खुली हवा में किया जाने वाला योग है। सांस खींचने और छोड़ने कि प्रक्रिया वाला यह योग खुली और स्वच्छ हवा की मांग करता है। शरीर की अंदरूनी स्वच्छता के लिए भी स्वच्छ और ताजी हवा की जरूरत होती है। इसलिए कभी भी बंद कमरे में या फिर प्रदूषित जगहों पर प्राणायाम करने से बचना चाहिए। प्राणायाम करते हुए कुछ और बातें ध्यान में रखनी आवश्यक हैं। जैसे, ठीक ढंग से सिद्धासन या फिर पद्मासन में बैठकर ही प्राणायाम करना चाहिए, नहीं तो शरीर में हवा का प्रवेश ठीक तरह से नहीं होता। इसके अलावा अपनी क्षमता के अनुसार ही योग करें, उत्साह में ज्यादा योग करना भी स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। टीवी देखकर योग करते हुए आप सही तरीके से आसन नहीं कर पाते, जिससे आपकी किडनी और बाकी ऑर्गन्स पर बुरा असर पड़ने की संभावना रहती है। जिन लोगों की सर्जरी हुई होती है उन्हें कम से कम तीन महीने योगासन से परहेज करना चाहिए। किसी प्रेग्नेंट महिला को भी प्राणायाम से दूरी बनाए रखनी चाहिए। योग शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में भी मदद करते हैं। ऐसे में गलत तरीके से योग करना ब्लड प्रेशर भी बढ़ा सकता है। **जानें क्या है सही विधिः** योग जीवन को स्वस्थ और निरोग बनाने का अद्भुत साधन है, लेकिन गलत तरीके से योग करना आपके लिए नुकसानदेह भी हो सकता है। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ा देता है। नियमित रूप और सही तरीके से योग करने पर स्वस्थ तन और सुंदर मन मिलता है। फिट और स्वस्थ रहने के लिए आजकल हेल्थ-क्लब, पार्क और अस्पतालों में भी योग कराया जाने लगा है लेकिन योग करने से पहले आपको उसके नियमों का पता होना भी बहुत जरूरी है। योग करते समय सावधानियां न बरतने पर आपको इसका फायदा होने की बजाए नुकसान भी हो सकता है। गलत आसन करने से मांसपेशियों में परेशानी हो सकती है। **योग से जुड़े जरूरी नियमः** जिस तरह एक्सरसाइज से पहले वार्मअप करना जरूरी होता है, उसी तरह योग करने से पहले भी वार्मअप करना जरूरी होता है। इसलिए योगासन करने से पहले शरीर को वार्मअप करने के लिए हल्का-फुल्का व्यायाम जरुर कर लें। इससे आपका शरीर खुलेगा तथा लचीला हो जाएगा। आप चाहें तो इसके लिए सूक्ष्म आसन भी कर सकते हैं।**भोजन करने के तुरंत बाद न करें योगः** सुबह हो या शाम, कभी भी भोजन के तुरंत बाद योग नहीं करना चाहिए। योग हमेशा खाने के करीब तीन घटे बाद करें। इसके अलावा सुबह आप खाली पेट भी योग कर सकते हैं। केवल वज्रासन ही ऐसा योग है, जिसे भोजन के बाद किया जा सकता है।कठिन आसन से न करें शुरुआतः योगासन की शुरूआत करते समय हल्के आसन का चयन करें। चाहे आपको कितनी भी प्रैक्टिस क्यों न हो। लेकिन योग की शुरूआत किसी कठिन आसन से शुरूआत करने पर चोट लगने का डर रहता है। **योग करने का सही समयः** योग सूरज उगने से पहले और सूर्य डूबने के बाद किसी भी समय किया जा सकता है लेकिन दिन के समय योग न करें। योगासन सुबह के समय करने से अधिक लाभ मिलता है। मगर फिर भी अगर आप किसी कारण से सुबह योग नहीं कर पाएं तो शाम या रात को खाना खाने से आधा घटा पहले भी कर सकते हैं। यह ध्यान रखें कि आपका पेट भरा न हो। इसलिए भोजन करने के 3-4 घटे बाद और हल्का नाश्ता लेने के एक घटे बाद आप योगासन करें।**योग के दौरान ठंडा पानी न पीएंः** योग करते समय बीच में ठंडा पानी पीना आपके लिए खतरनाक हो सकता है। योग के दौरान शारीरिक गतिविधि के बाद शरीर गर्म हो जाता है। ऐसे में ठंडा पानी पीने से सर्दी जुकाम, कफ और एलर्जी की शिकायत हो सकती है। इसलिए योग के समय और बाद में नार्मल पानी ही पीएं।**बीमारी में न करे योगः** आपको कोई भी गंभीर समस्या, जोड़ों, कमर, घुटनों में अधिक दर्द है तो योग करने के लिए डॉक्टर से सलाह लें। इसके अलावा योग करने के दौरान बाथरूम नहीं जाना चाहिए बल्कि अपने शरीर का पानी पसीने के जरिए बाहर निकलना चाहिए। **गलत पोज न करेंः** इन्स्ट्रक्टर द्वारा बताए अनुसार ही योग करें। गलत आसन करने से कमर दर्द, घुटनों में तकलीफ या मसल्स में खिंचाव हो सकता है। इसके अलावा पीठ, घुटने या मसल्स की प्रॉब्लम हो तो योग करने से पहले ट्रेनर से सलाह जरूर ले। **योग के तुरंत बाद न नहाएंः** योगासन करने के तुरंत बाद न नहाएं बल्कि कुछ समय बाद स्नान करें। क्योकि किसी भी व्यायाम या अन्य शारीरिक गतिविधि के बाद शरीर गर्म हो जाता है और आप एकदम से नहाएंगे तो सर्दी-जुकाम, बदन दर्द जैसी तकलीफ हो सकती है। योग करने के एक घटे बाद ही नहाएं।**ध्यान केंद्रित करनाः** योगासन करते समय अपने मोबाइल फोन ऑफ कर दें। क्योंकि इसे करते समय आपका ध्यान इधर-उधर नहीं होना चाहिए। इसके अलावा हंसी मजाक का माहौल न बनाए इससे आपसे योग में कोई गलत स्टेप हो सकता है। **एक्सपर्ट से लें सलाहः** अक्सर लोग योग करने के लिए टीवी या कोई किताब पढ़ने लगते हैं लेकिन योग हमेशा किसी एक्सपर्ट की सलाह से ही करना चाहिए। इसके अलावा अगर आप किसी बीमारी से छुटकारा पाने के लिए योग कर रहें तो भी एक्सपर्ट से सलाह लेना न भूलें। -गलत तरीके से योग आपको बीमार कर सकता है। योग का फायदा तभी मिलेगा जब सही तरीके से आसन किए जाएं। योग की शुरुआत हमेशा प्रशिक्षित योगाचार्य की देखरेख में करनी चाहिए। अंततः निष्कर्ष निकलता है कि' उपरोक्त लिखी सभी जरूरी बातों को ध्यान मे रखके ही योग करना चाहिए और किसी योग प्रशिक्षक की देखरेख में ही हो करना चाहिए इस से ही आपको योग करने का पूरा लाभ शरीर को मिलता है।

**-अलका सिंह, योगा एक्सपर्ट**

# चारधाम यात्रा ने तोड़ा पिछले साल का रिकॉर्ड

## अब तक 46.49 लाख से अधिक श्रद्धालु कर चुके हैं दर्शन

देहरादून(उद ब्यूरो)। देवभूमि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में आने वाले तीर्थयात्रियों ने इस बार भी रिकॉर्ड तोड़ा है। चारधामों में अब श्रद्धालुओं के आकड़ों के अनुसार केदारनाथ में 15,31,946, बदरीनाथ में 14,57,755, गंगोत्री में 81,6362, यमुनोत्री में 6,73,462, हेमकुंड साहिब में 1,69,467 लोगों ने दर्शन किये है। कोविड महामारी के बाद पिछले साल पूरे यात्रा काल में केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री और हेमकुंड साहिब में पहली बार 46.29 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन करने का रिकॉर्ड बनाया था। इस बार यात्रा संपन्न होने से डेढ़ माह पहले तीर्थयात्रियों ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अब तक 46.49 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। मानसून विदा होने के बाद अक्तूबर में चारधाम यात्रा ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। चारों धाम में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। एक दिन में चारधाम और हेमकुंड साहिब में 40 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। 2020 और 2021 में कोविड महामारी से चारधाम यात्रा बाधित रही। संक्रमण कम होने पर कोविड प्रोटोकॉल की बंदिशों के बीच यात्रा संचालन किया। 2020 में 3.23 लाख तीर्थयात्री पहुंचे, जबकि 2021 में 5.30 लाख ने दर्शन किए। 2022 में चारधाम यात्रा पूर्ण रूप से संचालित हुई। पूरे यात्रा काल में 46.29 लाख तीर्थयात्रियों ने दर्शन कर रिकॉर्ड बनाया था। इस बार 22 अप्रैल से गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ यात्रा का आगाज हुआ। 25 अप्रैल को केदारनाथ और 27 अप्रैल को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने पर यात्रा पूर्ण रूप से संचालित हुई। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, चारधाम यात्रा में अब तक 46.49 लाख यात्री दर्शन कर चुके हैं। अभी यात्रा के लिए डेढ़ माह का समय बाकी है। बदरीनाथ धाम में प्रतिदिन 10 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। 24 अक्तूबर को विजयादशमी के दिन बदरीनाथ के कपाट बंद होने की तिथि तय होगी। धाम में पिछले एक वर्ष से मास्टर प्लान का काम चल रहा है। बदरीनाथ बाजार में भी वाहनों की आवाजाही बाईपास मार्ग से कराई जा रही, जिससे तीर्थयात्री दुश्वारियों का सामना कर बदरीनाथ धाम पहुंच रहे हैं। आपदा में बदरीनाथ एनएच कई जगहों पर खस्ता हालत में है। पागलनाला से मारवाड़ी (27 किमी) तक सड़क बेहद खराब है।

## भीड़ के चलते केदारनाथ में गर्भगृह में दर्शन पर लगानी पड़ रही रोक

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के कपाट 15 नवंबर को भैया दूज के दिन बंद करने की परंपरा है। अभी केदारनाथ यात्रा के लिए 40 दिन शेष रह गए हैं। बाबा केदार के द्वार पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है, जिससे मंदिर समिति को गर्भगृह में दर्शन पर रोक लगानी पड़ रही है। साथ ही सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक जाम लग रहा है। तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ उमड़ने से गंगोत्री-यमुनोत्री हाईवे के प्रमुख पड़ावों पर ट्रैफिक जाम लग रहा है। प्रमुख पड़ाव उत्तरकाशी के ज्ञानसू और भटवाड़ी रोड़ और बड़कोट के सरूखेत, पुरानी तहसील व डायट के गेट के पास एवं रानाचट्टी और फूलचट्टी के बीच में हर दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

# सीएम ने चयनित 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए

देहरादून(उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में परिवहन विभाग के अन्तर्गत कनिष्ठ सहायक के पद पर उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने कार्यक्षेत्र में पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करें। कार्य क्षेत्र में नये जीवन की शुरूआत आत्म अनुशासन और नियमित दिनचर्या के साथ करें। जन सेवा करने का जो अवसर मिला है, इसमें अपनी सामर्थ्य का पूरा उपयोग करें। सचिव परिवहन अरविन्द सिंह ह्यांकी ने बताया कि परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड में विगत दो वर्षों में एक



सम्भागीय निरीक्षक और 59 परिवहन आरक्षियों को सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति दी गई है। कनिष्ठ सहायक के 39 और सहायक लेखाकार के 17 पदों पर चयन प्रक्रिया जारी है।इसके अलावा विभाग में सीधी भर्ती के विभिन्न पदों के लिए 147 पदों का अधियाचन आयोग को भेजा गया है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार की शिकायत पर काशीपुर में सिडकुल के दो अधिकारियों के निलंबन का आदेश जारी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राज्य अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास निगम उत्तराखण्ड लि0 के प्रबन्ध निदेशक श्री रोहित मीणा द्वारा भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त होने पर और उद्यमियों से असहयोगात्मक रूख के कारण सिडकुल के दो अधिकारियों के निलंबन का आदेश जारी किया गया है। इनमें श्री परविन्दर सिंह, लेखाकार सिडकुल और श्री कमल किशोर कफल्टिया, जन सम्पर्क अधिकारी/प्रभारी क्षेत्रीय प्रबन्धक, सिडकुल काशीपुर शामिल हैं । इसके साथ ही सिडकुल के वित्त नियंत्रक मनीष उप्रेती को भी तत्काल प्रभाव से वित्त नियंत्रक सिडकुल के पद से हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जहां राज्य सरकार निवेश सम्मेलन की तैयारी कर रही हैं वहां इस तरह की कार्यप्रणाली को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# टापर छात्रों के लिये भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम संचालित करने की घोषणा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के सभी विकासखण्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट स्कूलों के टॉपर 2-2 छात्रों हेतु भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम संचालित करने की घोषणा की है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भारत-दर्शन कार्यक्रम से छात्रों में एक विशेष अनुभूति जागृत होगी, जिससे वे सब भारत की विभिन्नताओं, इतिहास, संस्कृति, शिष्टाचार और प्रकृति को व्यक्तिगत रूप से जान सकेंगे। इसमें इन छात्रों में समूह में रहने की प्रवृत्ति, नायक बनने की क्षमता तथा आत्मविश्वास एवं भाईचारे की भावना प्रबल होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम चयनित मेधावी छात्रों के जीवन को नई दिशा देने के साथ ही उन्हें अपनी शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित करेगा।

# विधायक सुरेश गढ़िया ने राज्यपाल से की भेंट



देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को विधानसभा क्षेत्र कपकोट के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों से संबंधित वार्षिक बुकलेट भेंट की। राज्यपाल ने उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों और बुकलेट की सराहना की ।

# मंडलायुक्त ने चंपावत में पीएम मोदी के प्रवास की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## डीएम के साथ किया स्पोर्ट्स स्टेडियम हेलीपैड छमनिया व अद्वैत मायावती आश्रम लोहाघाट का स्थलीय निरीक्षण

चम्पावत(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जनपद चम्पावत के सम्भावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम हेलीपैड छमनिया, गलचौड़ा व अद्वेत मायावती आश्रम लोहाघाट का स्थलीय निरीक्षण किया गया।अपने निरीक्षण के दौरान श्री रावत ने लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे हेलीपैड से गलचौड़ा सम्पर्क मार्ग व स्टेडियम के प्रशासनिक भवन में बनाए जा रहे सेफ हाउस निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया व वहां किये जा रहे कार्यों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो कार्यों को किया जा रहा हैं उनमें गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य किए जाएं। सभी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किए जाए। इस दौरान उन्होंने गलचौड़ा से मायावती आश्रम तक लोनिवि व एन एच द्वारा सड़क में किए जा रहे सुधारीकरण आदि कार्यों का भी निरीक्षण किया व सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त कुमाऊं द्वारा अद्वैत मायावती आश्रम लोहाघाट पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा वहां अद्वैत मायावती आश्रम के प्रबंधक स्वामी



सुद्धिदानंद महाराज से जानकारी ली। इसके अलावा आयुक्त ने जिलाधिकारी से मा. प्रधानमंत्री जी के भ्रमण को लेकर अन्य की जा रही तैयारियां के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही भ्रमण के दौरान विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाए रखने व वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था हेतु जनरेटर सेट स्थापित करने के निर्देश पेयजल विभाग व विद्युत विभाग से आए अधिकारियों को दिए। इस दौरान विद्युत विभाग से आए अधीक्षण अभियंता एनएस टोलिया ने अवगत कराया कि वैकल्पिक तौर पर विद्युत व्यवस्था हेतु दो अतिरिक्त जनरेटर रखे गए हैं तथा क्षेत्र में विद्युत लाईन की लगातार पेट्रोलिंग कर जांच की जा रही है। पेयजल व्यवस्था के संबंध में अधिशासी अभियंता जल संस्थान बिलाल यूनुस ने अवगत कराया कि आश्रम परिक्षेत्र में स्थापित सभी पेयजल टैंकों की सफाई आदि का कार्य लगातार जारी है,पेयजल की समस्या नहीं है। इसके अतिरिक्त आयुक्त ने अन्य व्यवस्थाओं आवास, संचार,आदि व्यवस्था के संबंध में जिलाधिकारी से आवश्यक जानकारी ली और सभी व्यवस्थाएं त्रुटि रहित समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री जी के भ्रमण के मध्येनजर सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के कला के छात्रों द्वारा स्टेडियम व अन्य विभिन्न स्थानों में रंग रोगन और विभिन्न कलाकृतियां बनाकर सौंदरीकरण का कार्य किया जा रहा है, आयुक्त कुमाऊं द्वारा इन कलाकृतियों का भी अवलोकन करने के साथ ही अल्मोड़ा से आए छात्र छात्राओं से वार्ता की गई तथा उनके द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की सराहना की गई। इसके अतिरिक्त आयुक्त ने सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में भी पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह पिंचा से जानकारी ली व आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी नवनीत पांडे, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह पींचा, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी टनकपुर आकाश जोशी, उप जिलाधिकारी लोहाघाट रिंकू बिष्ट, पुलिस क्षेत्राधिकारी अविनाश वर्मा, अधिशासी अभियंता लोनिवि,एन एच, आर डब्ल्यूडी,पीएम यूपीआरएन, डीडीएमओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पिथौरागढ़ में हवाई पट्टी की दीवारों पर पेंटिंग करने के निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत ने नैनी सैनी एयरपोर्ट एवं जनसभा स्थल एसएस वल्दिया स्पोर्टस स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण कर प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सर्वप्रथम नैनी सैनी एयरपोर्ट का निरीक्षण कर लैंडिंग संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि पायलट की इनपुट की बातों को ध्यान में रखकर तैयारी की जाय। ट्रायल लैंडिंग का विशेष ध्यान रखा जाय। यदि लैंडिंग करते समय पक्षियों के टकराव की समस्या हो तो वन विभाग के समन्वय बनाते हुए समस्या का समाधान किया जाय। उन्होंने हवाई पट्टी की दीवारों पर पेंटिंग करने के निर्देश दिये। कुमांऊ आयुक्त ने फायर स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एसपी पिथौरागढ़ को सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएमओ की गाइड लाइन के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिये। इसके बाद कुमाऊं आयुक्त द्वारा जनसभा स्थल पिथौरागढ़ स्थित एसएस वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सीटिंग अरेंजमेंट, पब्लिक शौचालय, पेयजल आदि व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। इस अवसर उनके साथ जिलाधिकारी रीना जोशी, एसपी लोकेश्वर सिंह, अपर जिलाधिकारी शिवकुमार बरनवाल आदि उपस्थित थे।

## खाईबाड़ी करते दो सटोरिए गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोगों का पैसा 8 गुना करने का लालच देकर अवैध रूप से सट्टा लगवा रहे दो सट्टेबाजो को बनभूलपुरा थाना पुलिस ने अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम द्वारा बनभूलपुरा क्षेत्र के दो अलग–अलग सार्वजनिक स्थानों पर छापामारी के दौरान अवैध रूप से सट्टा लगवा रहे दो सट्टेबाजों को पेन, गत्ता एवम सट्टा पर्ची एवं उनके कब्जे से कुल 2510 रुपए एवं 1040 रुपए के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में जानकारी मिली कि यह सट्टेबाज आम लोगों के रूपयो को चार से आठ गुना करने का लालच देकर सट्टा लगवाने का काम करते हैं। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।



## स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में नशा माफियाओं के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत किच्छा क्षेत्र में पुलिस ने एक तस्कर को 1350 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी सितारगंज के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक किच्छा के नेतृत्व में पुलिस ने चेकिंग के दौरान खमरिया रोड पर वाशिद खान पुत्र मो. हनीफ खान निवासी ग्राम




देवीपुर थाना भमौरा जिला बरेली उत्तर प्रदेश को 13.50 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना किच्छा में पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह, विजय कुमार, कांस्टेबल दीपक बोरा, बृजमोहन सिंह, विनोद खत्री, सन्तोष रावत आदि शामिल थे।

## अतिक्रमणकारियों पर चालानी कार्रवाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाजार पुलिस चौकी प्रभारी संदीप शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग काशीपुर रोड के किनारे अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ की कार्रवाई करते हुए कई अतिक्रमणकारी दुकानदारों का चालान कर दिया। पुलिस टीम जैसे ही काशीपुर मार्ग पर कार्रवाई करने पहुंची मार्ग किनारे अतिक्रमण का फड़ खोखे लगाकर रोजगार कर रहे दुकानदारों में हड़कंप मच गया और वह आनन



फानन में दुकान के बाहर फैलाया गया सामान समेटने लगे। इस दौरान पुलिस ने एक दर्जन से अधिक अतिक्रमणकारियों के चालान किए । चौकी प्रभारी संदीप शर्मा ने कहा कि मुख्य मार्गों के दोनों ओर अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्योंकि इससे यातायात व्यवस्था बाधित होती है। उन्होंने कहा आगामी त्योहारों के मद्देनजर यह अभियान मुख्य मार्गों के साथ ही अन्य सभी मार्गों पर निरंतर चलाया जाएगा।

## चार के खिलाफ कोतवाल ने की गुंडा एक्ट की कार्यवाही

काशीपुर(उद संवाददाता)। समाज में भय व दहशत फैलाते हुए अवैध तरीके से कमाई करने वाले चार बदमाशों के खिलाफ कोतवाल ने गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी बर्फ फैक्ट्री के सामने निवासी मोहम्मद अजीम पुत्र मोहम्मद नासिर हुसैन, इसी मोहल्ले में सुनहरी मस्जिद के समीप निवासी मोहम्मद अमन उर्फ ढक्कन पुत्र मोहम्मद हाजी अब्दुल रशीद, मोहल्ला पंजाबी सरांय मुस्लिम फंड बैंक के सामने निवासी मोहम्मद अमन पुत्र शाहिद अहमद तथा वार्ड नंबर 21 मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी दानिश अंसारी पुत्र मोहम्मद नाजनी समाज में भय व दहशत फैलाकर गैर कानूनी ढंग से अर्थ उपार्जन किया करते हैं। कोतवाल मनोज राठौड़ी ने उपरोक्त चारों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही करते हुए चालानी रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित किए जाने की बात कही है।

## पेज एक का शेष...

**सर्विस ट्रिब्युनल ने निरस्त....**काशीपुर से करायी गयी जिन्होंने अपनी जांच आख्या में बिना स्वतंत्र साक्ष्यों तथा याची के पक्ष को विचार में लिये, बिना स्वतंत्र गवाहों तथा साक्ष्यों के याची द्वारा कोई वैधानिक कार्यवाही न करते हुये गुरदीप सिंह से रिश्वत प्राप्त कर छोड़ने का निष्कर्ष दे दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस जांच आख्या को आधार बनाते हुये अपने आदेश दिनांक 22–10–2021 से कांस्टेबिल की वर्ष 2021 की चरित्र पंजिका में परिनिन्दा प्रविष्टि अंकित करने का आदेश दे दिया। कांस्टेबिल द्वारा इसकी अपील आई.जी. कुमाऊं परिक्षेत्र नैनीताल को की गयी लेकिन उन्होंने भी अपील पर निष्पक्ष रूप से विचार किये बगैर अपील आदेश दिनांक 14 दिसम्बर 2022 से अपील को निरस्त कर दिया। इस पर कांस्टेबिल विनोद खाती द्वारा अपने अधिवक्ता नदीम उद्दीन के माध्यम से उत्तराखंड लोक सेवा अधिकरण की नैनीताल पीठ में दावा याचिका दायर की। याचिका में विभागीय दण्ड के आदेश व अपील आदेश को निरस्त करके तथा उसके आधार पर रूके सेवा लाभों को दिलाने का निवेदन किया गया।याचिकाकर्ता की ओर से नदीम उद्दीन ने विभागीय जांच, दण्ड आदेश व अपील आदेश को अवैध, निराधार तथा प्राकृतिक न्याय के उल्लंघन के आधार पर निरस्त होने योग्य बताया। अधिकरण के उपाध्यक्ष (न्यायिक) राजेन्द्र सिंह की पीठ ने श्री नदीम के तर्कों से सहमत होते हुये सहायक पुलिस अधीक्षक/पुलिस क्षेत्राधिकारी की जांच को द्वेष पूर्ण तथा गलत माना तथा इसके आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंह नगर द्वारा दिये गये दण्ड आदेश को विधि विरूद्ध मानते हुये निरस्त कर दिया तथा आई.जी. कुमाऊं के अपील आदेश को विवेक का इस्तेमाल किये बिना मानते हुये निरस्त कर दिया। इसके साथ ही एस.एस.पी. तथा आई.जी.को आदेश दिया कि वह याची की चरित्र पंजिका व अन्य अभिलेखों में दर्ज परिनिन्दा प्रविष्टि को 30 दिन के अन्दर विलुप्त करें। उपाध्यक्ष (न्यायिक) राजेन्द्र सिंह ने अपने फैसले में स्पष्ट लिखा है कि जांच में स्पष्ट है कि पुलिस टीम के सभी गवाहान, प्रभारी निरीक्षक व कानि0 क्लर्क के बयानों से यह स्पष्ट है कि गुरदीप सिंह को चौकी पतरामपुर पर उक्त दिनांक को नहीं लाया गया और न ही रिश्वत ली गयी। केवल गुरदीप सिंह के बयान के आधार पर याचिकाकर्ता को दोषसिद्ध करना अपने आप में पूरी तरह विधि विरूद्ध है और यदि गुरदीप सिंह के बयान पर विश्वास किया गया था तो उस दशा में गुरदीप सिंह व पांच अन्य लोगों के विरूद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम तथा गुरदीप सिंह के विरूद्ध रिश्वत देने का मुकदमा पंजीकृत किया जाना चाहिये था तथा सोशल मीडिया पर किसके द्वारा व कहां से कथित मैसेज प्रसारित हुआ, के सम्बन्ध में भी कोई जांच नहीं की गयी। जिससे स्पष्ट है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जांच अधिकारी के द्वेषपूर्ण जांच के आधार पर याचिकाकर्ता को उसके उत्तर पर विचार किये बिना विधि विरूद्ध दण्डादेश पारित किया गया है और जिसके विरूद्ध अपील करने पर आई.जी. द्वारा भी विवेक का इस्तेमाल किये बिना ही अपील आदेश पारित किया गया। अतः उपरोक्त दण्डादेश विधि विरूद्ध होने के कारण अपास्त होने योग्य है।

**बनभूलपुरा में दो ...**की जानकारी ली। एक पक्ष ने आरोप लगाया है कि गांधीनगर के कुछ युवक शुक्रवार रात करीब 11.45 बजे बाइकों से लाइन नंबर आठ की एक दुकान पर बर्थडे केक लेने पहुंचे। दुकान बंद होने पर युवक गाली–गलौज करने लगे। वहां मौजूद लोगों ने टोका तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। मौके पर जमा लोगों ने बाइक सवारों को पीटकर भगा दिया। थोड़ी देर बाद युवक कई लोगों के साथ पहुंचे और पथराव कर दिया। जिस पर दूसरे पक्ष से जवाबी पथराव हो गया । जिससे मायके पर अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। सूचना पर एसपी सिटी हरबंस सिंह, सीओ भूपेंद्र सिंह धौनी भारी फोर्स के साथ पहुंचे और उपद्रव कर रहे लोगों को लाठियां फटककर दूर तक खदेड़ा। बवाल होने की सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। मामला सांप्रदायिक रूप देख मौके पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। एक पक्ष में आरोप लगाया कि केक लेने आये युवाओं ने बाइकों के हॉर्न तेज आवाज में बजाये दुकान के शटर पर हाथ मारा और बोल रहे थे कि भाई का बर्थ–डे है दुकान कैसे नहीं खुलेगी।पूरे मामले में एक पक्ष के आठ लोगों ने सामूहिक रूप से बनभूलपुरा पुलिस में तहरीर देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। बताया जा रहा है कि पथराव में कुछ लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। लाठी डंडे चलने और पथराव के बीच घटनास्थल के पास खड़े कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

**मध्य क्षेत्रीय बैठक...**राज्य सरकार के अधिकारी भाग ले रहे हैं। बैठक में उत्तराखंड की ओर से दून वैली इको जोन का नोटिफिकेशन रद्द करने और सीमांत क्षेत्र से पलायन और इसके निदान के एजेंडे को चर्चा की जानी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हो रही मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हो रही है।

**टोल प्लाजा मैनेजर की...**एक्शन लेने की मांग की है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम हल्दुआ साहू थाना कुंडा निवासी धर्मेंद्र कुमार नामक व्यक्ति ने बताया कि हलदुआ साहू बाबर खेड़ा मार्ग पर बेरीकेटिंग लगाकर बड़े वाहनों को रोकने के लिए टोल प्लाजा मैनेजर पंकज दुबे द्वारा उसे तैनात किया गया। मैनेजर पंकज दुबे के कहने पर गांव के कुछ अन्य लड़कों को भी वहां सहयोग के लिए रखा गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि इस बीच जब मैनेजर पंकज दुबे से लड़कों के महंतों के पैसे के बारे में बात किया गया तो वह शर्मनाथ डिमांड रखने लग। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 29 सितंबर को उसने मैनेजर को जब पैसों के लिए फोन किया तो दूसरी ओर से मैनेजर ने कहा कि गांव से उसके लिए किसी भी औरत को ले आओ। सीधे नहीं आती तो जबरदस्ती उठा लाओ। मैनेजर ने कहा कि यदि इस बारे में मुंह खोल तुम मौत के घाट उतार दिए जाओगे। रात्रि 1:00 बजे तुम्हारे घर आऊंगा। शिकायतकर्ता ने ऐसा गंदा काम करने से जब साफ मना कर दिया तो उसे आरोपी मैनेजर द्वारा बगैर मेहनताने की रकम दिए नौकरी से निकाल दिया गया।

**इज्जत की खातिर...**दिया। मैनेजर की हरकतों के कारण तमाम महिलाओं ने इज्जत की खातिर नौकरी भी छोड़ दी।ग्रामीणों ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि यदि आरोपी मैनेजर के खिलाफ यदि तत्काल सख्त एक्शन नहीं दिया गया तो ग्रामीण सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। शिकायती पत्र देने वालों में सपा नेता रवि छाबड़ा, विजय रहेजा, अमित नारंग, प्रधान पुत्र राजकुमार, रक्षपाल सिंह, अमन अरोरा, दीपक, राजकुमार प्रिंस, प्रवीण अरोड़ा समेत दर्जनों की तादाद में स्त्री व पुरुष शामिल रहे। वहीं टोल प्लाजा पर प्रबंधक के रूप में तैनात आरोपी के बारे में जानकार सूत्रों का कहना है कि वह अपराधी किस्म का है। उसके खिलाफ उसके गृह जनपद में संगीन मामले दर्ज हैं। इन दिनों वह जमानत पर है। यदि ऐसा है तो यह बेहद गंभीर मामला है। एक शातिर किस्म के अपराधी को टोल प्लाजा पर इस तरह की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना घातक हो सकता है।

**टाटा सूमो खाई में गिरी...**पुलिस और एसडीआरएफ ने 35 फिट गहरी खाई से शव को निकाला गया। शव की शिनाख्त शैलेंद्र भट्ट पुत्र विशंबर भट्ट निवासी 108 शांति बिहार भामियांन कला लुधियाना पंजाब के रूप में हुई जो यात्रियों को टैक्सी से बद्रीनाथ लेकर जा रहा था। शव को परिजनों से शिनाख्त एवं पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया गया।

**टैक्टर ट्राली से ...** देर रात पुराली से भरी ट्रैक्टर ट्राली में किसी ने आग लगा दी। इस मामले में पुलिस ने अग्निकांड की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मचा है। मृतका के दो पुत्र व दो पुत्रियां हैं। एक पुत्र तथा एक पुत्री की शादी हो चुकी है।

**३० लाख की अफीम...**लाख रूपये है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में भूपेन्द्र सिंह भण्डारी, क्षेत्राधिकारी महोदय बाजपुर, राजेश पाण्डेय, थानाध्यक्ष गदरपुर, कानि. बलवन्त सिंह,नकुल जाटव व गोरख नाथ शामिल थे। खुलासा के दौरान एसपी काशीपुर अभय सिंह, एसओ केलाखेड़ा ललित मोहन रावल भी मौजूद थे।

**दरोगा सहित पांच...** सिंह के निरीक्षण के दौरान पांचों कर्मी ड्यूटी प्वाइंट पर नहीं मिले और लोकेशन भी ठीक से नहीं बताई गई। जिस पर एसएसपी ने उक्त कार्रवाई की है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# एसडीओ पर मुकदमा दर्ज करने की मांग

## हाइड्रोइलेक्ट्रिक एंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष को दी जान से मारने की धमकी

बाजपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग के एसडीओ द्वारा यूनियन अध्यक्ष के साथ की गई गुंडागर्दी के खिलाफ यूनियन के सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को दर्जनों की तादात में एकत्रित होकर यूनियन से जुड़े पदाधिकारी व सदस्य कोतवाली पहुंच गए। यहां उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर विद्युत विभाग के दोनों एसडीओ के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की। कहां की अगर आरोपी एसडीओ के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो वह सड़कों पर उतरने को बाध्य होंगे। विगत 3 दिन पूर्व विद्युत विभाग के एसडीओ ने एक तो चोरी ऊपर से सीना जोड़ी वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए हाइड्रो इलेक्ट्रिक एम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष राधाकांत मिश्रा को रास्ते में रोक कर धमकाया। इसके बाद एसडीओ ने कोतवाली में



यूनियन अध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही को लेकर दे डाली। यूनियन के लोगों को जब इसका पता चला तो वह गुस्से से लाल हो गए। यूनियन के लोगों ने अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराये जाने के विरोध में एसएसआई गोविंद मेहता का घेराव कर दोनों एसडीओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इस बारे में और अधिक जानकारी देते हुए अनिल वाल्मिकी ने बताया कि यूनियन के अध्यक्ष राधाकांत मिश्रा करतार सिंह के पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेकर विद्युत घर की तरफ से आ रहे थे। मंडी परिसर के रास्ते में लगभग 4:30 बजे उपखंड अधिकारी ललित मोहन दोराहा आलोक सचान ने राधाकांत मिश्रा को रास्ते में रोक कर धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने कहा है कि रधाकांत मिश्र को इन दोनों अधिकारियों से जान माल का खतरा बना हुआ है।निष्पक्ष जांच कर दोनों एसडीओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।इस मामले में यूनियन से जुड़े दर्जनों लोगों ने 2 दिन पूर्व अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल से मुलाकात करते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई थी लेकिन आरोप है कि अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग विवेक कांडपाल ने मामले को दबाने का प्रयास किया। आरोप है कि बाजपुर में विद्युत विभाग के अधिकारियों की गुंडागर्दी के कारण आम लोगों का जीना मुहाल है।

# एयर गन दिखाकर प्रेमिका को घर से उठाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर से एक दिलचस्प मामला सामने आया है, फिल्मी स्टाइल में एक तरफा प्यार करने वाला युवक घर में घुसा और एयर गन से परिजनों को डराकर युवती को उठा ले गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने युवती की तलाश शुरू की। लेकिन अगली सुबह युवती संदिग्ध परिस्थितियों में घर लौट आई। फिलहाल युवती की तहरीर पर बनभूलपुरा पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने पूरे मामले को सीसीटीवी की फुटेज देखने के बाद संदिग्ध बताया है। पुलिस के मुताबिक बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती का आगामी 9 अक्टूबर को निकाह होना है। लेकिन नई बस्ती बनभूलपुरा में रहने वाला युवक उससे एकतरफा प्यार करता है। जब युवक को युवती के निकाह का पता चला तो वह बेचौन हो गया और बुधवार रात उसके घर में घुसकर परिवार वालों को एयर गन दिखाकर डराकर युवती को अपने साथ ले गया। इसके अलावा आरोपी ने पीड़िता को निकाह ना करने की धमकी भी दी। घटना के बाद परिजनों ने बनभूलपुरा पुलिस को इस सम्बन्ध में जानकारी दी. जिसके बाद पुलिस युवती की तलाश में जुट गई। लेकिन युवती संदिग्ध परिस्थितियों में घर लौट आई। बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी युवक को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बताया जाता है कि आरोपी युवक जब युवती को लेकर उसके घर से बाहर निकला तो उसने अपनी एयर गन सड़क पर फेंक दी। जिसके बाद युवती आरोपी युवक के कंधे पर हाथ रखकर उसकी मोटरसाइकिल पर बैठ गई और दोनों वहां से भाग गए। अब वापस घर लौट आई युवती से पुलिस पूरे घटनाक्रम पर आवश्यक पूछताछ कर युवक की तलाश कर रही है।

# इंदिरा कालोनी में रामलीला का मंचन 11 अक्टूबर से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब इंदिरा कॉलोनी के तत्वाधान में प्रभु श्री राम जी की लीला का मंचन 11 अक्टूबर से रामलीला मैदान इंदिरा कॉलोनी में किया जाएगा। इसी उपलक्ष्य में 8 अक्टूबर दिन रविवार को विशाल ध्वज यात्रा निकाली जाएगी जो श्री शिव मंदिर इंदिरा कॉलोनी से प्रारंभ होकर ढोल नगाड़ों के साथ आदर्श कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी एवं सभी गलियों का भ्रमण करती हुई वापस रामलीला ग्राउंड पहुंचेगी। रामलीला मंच पर प्रभु श्री राम और हनुमान जी का पवित्र ध्वज स्थापित किया जाएगा और साथ ही साथ भूमि पूजन किया जाएगा।श्री शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा ने बताया कि विगत 30 वर्षों से प्रभु श्री राम जी की लीला का मंचन कर रहा है इस वर्ष भी प्रभु श्री राम जी की लीला का भव्य आयोजन 11 अक्टूबर से किया जा रहा है 15 अक्टूबर को प्रभु श्री राम जी की भव्य बरात रामलीला ग्राउंड से प्रारंभ होकर मॉडल कॉलोनी श्री गोपीनाथ मंदिर में पहुंचेगी जहां पर श्रीमती सीमा राजदेव एवं उनके परिवार द्वारा स्वागत किया जाएगा। 24 अक्टूबर को विजयदशमी का पावन पर्व रामलीला ग्राउंड में धूमधाम से मनाया जाएगा।



# करोड़ों की ठगी करके फरार कम्पनी के दो डायरेक्टर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आम जनता से करोडों रूपये की ठगी करने के पश्चात करने वाले कम्पनी के फरार दो डायरेक्टरो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले में एक आरोपी डायरेक्टर को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। जानकारी के अनुसार विजन सोशल सोसायटी व विदित अक्षय विजन निधि लिमिटेड नाम से को ऑपरेटिव सोसायटी का संचालन के दौरान कई लोगों द्वारा उक्त कम्पनी में निवेश किये गये। धनराशि के गबन की शिकायतें पुलिस को प्राप्त हुई इस क्रम में विजन सोशल सोसायटी व विदित अक्षय विजन निधि लिमिटेड कम्पनी के निदेशकों द्वारा जनता को गुमराह कर विभिन्न योजनाओं पर धनराशि जमा करायी गयी। वर्ष 2022 में उक्त कम्पनी



द्वारा जनता की जमा की गयी धनराशि का गबन कर निदेशक अपने कार्यालय बन्द कर फरार हो गए। जिनके विरुद्ध धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज कराए गए। 14 सितंबर को पुलिस टीम ने सोसायटी के एक आरोपी डायरेक्टर अरविन्द पन्त पुत्र नारायण दत्त पन्त निवासी सोल्जर्स कालोनी हल्द्वानी पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब पुलिस ने करोडों रूपये की ठगी करने वाले कम्पनी के फरार दो अन्य निदेशकों को भी गिरफ्तार कर लिया। हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित की गयी पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में संभावित ठिकानों में दबिश दी गई। जिसके फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा आरोपी आनन्द सिंह पुत्र हरीसिंह निवासी जवाहरज्योति दमुवाढुंगा खाम थाना काठगोदाम तथा सन्तोष पन्त पुत्र भुवन चन्द्र पन्त निवासी गायत्री नगर सारदा फैक्ट्री के पीछे थाना काठगोदाम को नैनीताल से गिरफ्तार किया गया। उक्त कम्पनी व सोसायटी के विरूद्ध थाना कोतवाली में पांच मुकदमे दर्ज कराए गए थे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, व.उ.नि. विजय मेहता, व.उ.नि. महेन्द्र प्रसाद, कानि. भगवान सिंह, घनश्याम सिंह रौतेला शामिल थे।

गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Easy EMI Options Available
GURU MAA ENTERPRISES
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338